**एक नजर**

### परामर्श केंद्र पर एक दंपती का समझौता

**शाहजहांपुर,अमृत विचार :** पुलिस लाइन में स्थित महिला परामर्श केंद्र पर 18 पत्रावली की सुनवाई की गयी, जिसमें एक दंपति का समझौता हुआ। सिधौली थाना क्षेत्र के एक दंपति की शादी एक साल पहले हुई थी। तीन महीने से मायके में रह रही है। दोनों पति-पत्नी में कुछ समय से घरेलू विवाद चल रहा था। दोनों पक्षों को परामर्श केंद्र पर बुलाया गया। दोनों लोगों की वार्ता करायी गयी है। दोनों पक्षों को समझाया गया और एक-दूसरे के साथ रहने को तैयार हो गए। दोनों को परामर्श केंद्र से विदा किया गया। टीम में प्रभारी मधु यादव, सिपाही पूनम मिश्रा, करुणा आदि स्टाफ मौजूद था।

### बरखेड़ा में नौ घंटे गुल रही बिजली

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** 33 केवी मुख्य विद्युत लाइन में रविवार रात आंधी बारिश के बीच आई खराबी से करीब नौ घंटे क्षेत्र की बिजली गुल रही। सोमवार सुबह करीब तीन बजे बिजली गुल हुई और उपभोक्ता परेशान हो गए। कस्बे के साथ ही ग्रामीण इलाकों में भी सप्लाई ठप रही। कुछ ही देर में इनवर्टर जवाब दे गए। सोमवार सुबह से टीमें लगी और खराबी को दूर किया। जिसके बाद दोपहर 12 बजे सप्लाई चालू की जा सकी।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में घर बना, पोल कैसे लगवाएं

## स्मार्ट सिटी का हाल : बिना लाइट जिंदगी गुजारने को मजबूर सुभाष नगर के वाशिंदे, वित्त मंत्री, मेयर व डीएम से लगा चुके गुहार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


बिजली सुविधा न होने को लेकर विरोध करते हुए वाशिंदे। ● अमृत विचार

- पिछले 4-5 सालों से मोहल्ले के 40 परिवार बिजली के लिए दर दर रहे भटक
- वित्त मंत्री, डीएम समेत बिजली अधिकारियों से लोग लगा चुके गुहार

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री आवास योजना में घर मिला अब बिजली का एक पोल लगाने को 25 हजार रुपये का खर्चा मांगा जा रहा है। मेहनत करके बच्चों के साथ रहने के लिए बनवाए आशियाने को छोड़ने की तैयारी तीन दर्जन से ज्यादा परिवार कर रहे हैं। घर में बिजली लगाने के लिए यहां के लोगों ने वित्त मंत्री, मेयर, पार्षद और जिलाधिकारी दफ्तर में गुहार लगा ली है लेकिन दावा है कि उनकी सुनवाई नहीं हुई है। लिहाजा मौजूदा व्यवस्था से वह लोग परेशान हो चुके हैं। लोगों का कहना है कि स्मार्ट सिटी होने का दावा किया जाता है लेकिन शहर के बीच में रहने वाले लोगों के घरों में उजियारा नहीं हो पा रहा है।

यह मामला महानगर के जलालनगर चुंगी सुभाषगनर निकट शक्ति डेयरी के पास रहने वाले 35-40 परिवारों का है। यहां के लोग चार पांच सालों से बिजली से वंचित है। स्मार्ट सिटी के सपने दिखाकर उन लोगों को गांव जैसी भी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। इसको लेकर वहां के वांशिदों द्वारा वित्त मंत्री, ऊर्जा मंत्री, महापौर, पार्षद व डीएम समेत बिजली विभाग के अधिकारियों से मिलकर पत्राचार किया जा चुका है, लेकिन इन लोगों की कोई सुनवाई नहीं हुई है। मेहनत से बच्चों के लिए बनवाए आशियाने को छोड़कर उस जगह जाने की तैयारी कर रहे हैं जहां उन्हें बिजली मिले। इसके लिए वह किराया भी देने को तैयार हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि बिजली विभाग द्वारा 14 पोल लगाने है, जिसमें प्रति पोल 25 हजार रुपए की डिमांड की जा रही है। हम लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना में किसी तरह घर बनवाया है। अब इतने रुपये कहां से लाए कि बिजली के पोल भी हम लोग लगवा पाए। इसको लेकर मोहल्लों वालों ने सिस्टम खिलाफ सोमवार को एकत्रित होकर आवाज बुलंद की है। साथ ही डीएम से मांग कि जल्द ही उनके एरिया में बिजली सप्लाई की व्यवस्था की जाए। जिससे वह लोग वह भीषण गर्मी में बिजली आने से रह सके। इस दौरान लक्ष्मी, सीमा सक्सेना, गौरव, आकाश, कमल सक्सेना, पूनम, रामू, पुष्पा, अनुज, हरिओम शर्मा, गीता, आदर्श मिश्रा, राजबहादुर सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### क्या बोले लोग


हम गर्मी से बहुत परेशान हो गये हैं। बिजली न होने से बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। हर जगह शिकायत की गई, कोई सुनवाई नहीं हुई है। -राज बहादुर सक्सेना


पता नहीं था कि मकान बनवाने के बाद बिजली सप्लाई के लिए इतना भटकना पड़ेगा।अब मकान बेचने की सोच रहे हैं, जब कोई सुन नहीं रहा है, तो क्या करें। डीएम सर से उम्मीद है कि वह कुछ करवा सकते हैं। - आदर्श मिश्रा


बच्चे गर्मी में बीमार हो रहे हैं, हम लोग कैसे रातें गुजार रहे हैं, हम जानते हैं। इस गर्मी में, बड़ी दिक्कत है। बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। अपने घरों को छोड़कर लोग दूर जाकर किराया पर रह रहे हैं। -गीता


हम लोग डीएम, बिजली विभाग हर जगह जा चुके हैं, कि बिजली मिल सके। रात में चोरी होने का डर लगा रहता है, अंधेरे मे, कीड़े मकोड़े भी निकल आते हैं। बड़ी समस्या है, कोई तो ध्यान दे। -लक्ष्मी


बहुत चक्कर काट लिए है, अब हार गये है कि बिजली नहीं मिल पाएगी। घर बेचने की सोच रहे हैं, क्या करें बच्चों की पढ़ाई, घर में मेहमान तक नहीं आते हैं कि तुम्हारे यहां तो बिजली तक नहीं है। -हरिओम


हम महापौर से मांग करते हैं कि वह यहां आकर अपनी चौपाल लगाए, लोगों की समस्याओं को वास्तविकता से जानें उन्हें समझे तब शायद कुछ समाधान हो सके। -पूनम

# एक्सपायरी डेट छुपा कर बेची जा रहीं कीटनाशक दवाएं


कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान यूनियन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- किसानों ने जिला अधिकारी कार्यालय में सौंपा ज्ञापन
- 6 सूत्री मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष हरिराम वर्मा ने डीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। किसानों ने कई मुद्दों पर विरोध जताया। पुवायां से बंडा मार्ग पर तीन अलग अलग रोड पर 14 किलोमीटर के अंदर तीन टोल प्लाजा बनाए गए हैं। यह केंद्र सरकार के नियमों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि नियम के अनुसार दो टोल प्लाजा के बीच कम से कम 7 किलोमीटर की दूरी होनी चाहिए। किसानों ने आवारा पशुओं की समस्या भी उठाई। ये पशु खेतों में घूमकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस समस्या का अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। बोले- सीएम आवास तक करेंगे पैदल मार्च कीटनाशक दवाओं की बिक्री पर भी सवाल उठाए गए। कहा दुकानदार एक्सपायरी डेट छुपा कर किसानों को ठग रहे हैं। किसान सेवा केंद्र और अन्य दुकानों पर बेची जा रही दवाओं पर निर्माण तिथि और बिक्री मूल्य नहीं लिखा होता। फलों में भी अधिक रासायनिक पदार्थों का इस्तेमाल किया जा रहा है। किसान यूनियन ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गई तो वे मुख्यमंत्री आवास तक पैदल मार्च करेंगे। इसके अलावा विशाल आंदोलन किया जाएगा।

# नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने देखा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन


वार्ड गढ़ी गाड़ीपुरा में नगर स्वास्थ्य अधिकारी की ओर से सफ़ाई व्यवस्था देखी गई।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- एनिमेटर्स के साथ ली डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की जानकारी

**अमृत विचारः** उच्चाधिकारियों से प्राप्त निर्देशों के क्रम में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. मनोज कुमार मिश्रा ने सिटी पार्क में जाकर नगर निगम की ओर से लगाए गए एनिमेटर्स के साथ डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की जानकारी ली। एनिमेटर्स ने बताया कि कूड़ा कलेक्शन का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। सिटी पार्क में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में किसी प्रकार की समस्या नहीं है। साथ ही वार्ड गढ़ी गाड़ीपुरा में सफाई व्यवस्था को देखा व सफाई का कार्य कराया गया। स्वच्छता कर्मियों को निर्देश दिए गए कि प्रतिदिन सफाई व्यवस्था के कार्य को प्राथमिकता से करें। वार्ड में साफ-सफाई, चूना छिड़काव, फागिंग व एंटीलार्वा छिड़काव इत्यादि का कार्य कराया गया। निरीक्षण में नाले-नालियों के किनारे-किनारे उगी घास व झाड़ियों की कटाई व सफाई हेतु सफ़ाई एवं खाद्य निरीक्षक को निर्देशित किया गया व नाले से निकलने वाली सिल्ट व मलवा आदि को भी तत्काल उठाये जाने के निर्देश दिये, जिससे यातायात में किसी प्रकार की कोई भी असुविधा उत्पन्न न हो। निरीक्षण के समय गड़ी गाड़ीपुरा से लाल सिंह यादव, सफ़ाई एवं खाद्य निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

## 10 दिवसीय प्रशिक्षण को 25 तक होंगे ऑनलाइन आवेदन

**शाहजहांपुर,अमृत विचारः** विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गतजिले में विभिन्न ट्रेड से संबंधित कारीगरों को 10 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने को ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। योजना का उद्देश्य परंपरागत व्यवसायों से जुड़े कारीगरों को तकनीकी दक्षता, आधुनिक उपकरण व आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम पारंपरिक कारीगरों जैसे नाई, बढ़ई, दर्जी, कुम्हार, लोहार, राज मिस्त्री, हलवाई एवं धोबी आदि ट्रेड्स से जुड़े लाभार्थियों के लिए उपलब्ध है। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले चयनित अभ्यर्थियों को टूलकिट एवं निर्धारित मानदेय भी प्रदान किया जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि 25 जून निर्धारित है। अभ्यर्थी पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के समय अभ्यर्थियों को अपना पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, तकनीकी प्रमाण पत्र, जनपद का स्थायी निवासी प्रमाण पत्र और संबंधित ट्रेड से जुड़े होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

# कृषक दुर्घटना के 159 आश्रितों को बांटे 5 करोड़ 87 लाख के चेक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 11,690 कृषक आश्रित परिवारों को 561.86 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता सीधे उनके खातों में भेजी है। अंबेडकरनगर जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण पूरे प्रदेश में किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार कार्यक्रम में ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह, डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह,एडीएम वित्त अरविंद कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित अधिकारियों व लाभार्थियों ने कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा तथा मुख्यमंत्री का उद्बोधन सुना। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत प्रदेश के किसानों व उनके आश्रित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत जिले में कुल 159 आश्रित परिवारों को रु. 5 करोड़ 87 लाख 50 हजार की सहायता धनराशि के चेक वितरित किये गए। सहायता राशि डीबीटी माध्यम से सीधे पात्रों के बैंक खातों में भेजी गई। योजना उन किसानों और उनके परिवारों के लिए आशा की किरण है, जिन्होंने अकाल दुर्घटनाओं में अपनों को खोया है। यह योजना कृषकों एवं उनके परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा कवच सिद्ध हो रही है, जो आकस्मिक दुर्घटना अथवा मृत्यु की स्थिति में उनके परिजनों को आर्थिक रूप से संरक्षित करती है। डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार की यह योजना किसानों के लिए एक सशक्त सहारा है। शासन स्तर से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप जनपद में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा अंतर्गत चिन्हित कर आश्रित परिवारों को सहायता धनराशि से लाभान्वित किया जा रहा है।

### किसानों का कल्याण उत्तर प्रदेश की पहचान: विधायक



**शाहजहांपुर,अमृत विचार :** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 11690 आश्रित परिवारों को 561.86 करोड़ सहायता राशि का वितरण मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पुवायां विधायक चेतराम ने तहसील सभागार में लाभार्थियों को चेक वितरित किए तथा प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर विधायक चेतराम, सांसद मिथिलेश कुमार, विधान परिषद सदस्य सुधीर गुप्ता,एसडीएम चित्रा निर्वाल, पुवायां नगर पालिका अध्यक्ष संजय गुप्ता, अखिलेश अग्निहोत्री देवेश गुप्ता,ओमेंद्र चौधरी, पुनीत शर्मा आदि मौजूद रहे।

### 26 मृतक आश्रितों को बांटे 92 लाख के चेक



**तिलहर,अमृत विचार :** ब्लॉक सभागार में आयोजित कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत कार्यक्रम में पूर्व विधायक वीरेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना ने 26 लाभार्थियों को 92 लाख रुपये के चेक वितरण किए। सोमवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित कृषि दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत तहसील क्षेत्र के जनवरी से 30 मई तक के मृतक आश्रित 26 लाभार्थियों को 92 लाख रुपए के चेक पूर्व विधायक वीरेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना के द्वारा वितरित किए गए। मृतक बीस आश्रितो में चेक वितरण में सुशीलादेवी, मुख्तयार, देवेंद्रपाल, पारस, श्यामपाल, बृजलाल, शिवदयाल, राजपाल, रामपाल, रामू, सुनील कुमार, अशोक कुमार, नन्हे एवं महेंद्र समेत 20 मृतकों के 26 लोगों को इसका लाभ प्राप्त हुआ। इस दौरान उपजिलाधिकारी रविन्द्र कुमार, तहसीलदार जय प्रकाश यादव, नायब तहसील मनु माथुर, रिजवान खान, लेखपाल सचिन, अनूप एवं आलोक कुमार आदि मौजूद रहे।


मृतक आश्रितों को चेक वितरित करते विधायक अरविंद सिंह व डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह।

# वर्दी को लेकर सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- संविदा कर्मचारियों को बनाया जाए सहायक सफाई नायक
- सफाई कर्मचारी को रविवार को अवकाश देने की भी मांग


नगर निगम में प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** मौसम के अनुसार वर्दी सहित तमाम मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों ने सोमवार को नगर निगम में प्रदर्शन किया। इसके बाद मांग पत्र अपर नगर आयुक्त एसके सिंह को सौंपा। मांग पत्र में कहा गया कि शाहजहांपुर नगर निगम में कार्यरत स्थाई, संविदा, आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को मौसम अनुसार वर्दी दी जाए। संविदा सफाई कर्मचारियों को सहायक सफाई नायक बनाया जाए। कुछ सभासदों द्वारा सफाई कर्मचारियों का मानसिक व आर्थिक उत्पीड़न किया जा रहा है, जिसे तत्काल प्रभाव से रोका जाए और सफाई में अधिकतर मामलों में हस्तक्षेप करना बंद किया जाए। इसके अलावा वाल्मीकि बस्तियों में वरीयता के आधार पर विकास कार्य किए जाने आदि की मांग की गई। कर्मचारियों ने कहा कि बिंदुबार समस्याओं का निराकरण 21 जून तक नहीं किया गया तो समस्त सफाई कर्मचारी काम बंद हड़ताल करने को बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी। रमेश चंद्र कटारिया ने कहा लंबे समय से सफाई कर्मचारी प्रताड़ित किया जा रहा है। नगर निगम में सफाई कर्मचारी की कोई सुनने वाला नहीं है। अगर सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का जल्द ही निस्तारण नहीं किया गया तो यह आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। धरना प्रदर्शन में रमेश चंद सेठ, अजय प्रधान, रमेश चंद कटारिया, संजीव चौधरी, राज कुमार सफाई नायक, अर्जुन सफाई नायक, इस्तकार सफाई नायक, रमेश सफाई नायक, रवि सहायक सफाई नायक, रामकृपाल मानू, अवनीश लालू, रजनीश सहायक सफाई नायक, राजू आजाद सहायक सफाई नायक, संजय सहायक सफाई नायक आदि भारी संख्या में सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आज बरेली में होगी गोष्ठी

**शाहजहांपुर,अमृत विचारः** मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण ने बताया कि कैबिनेट मंत्री मत्स्य विभाग डा. संजय कुमार निषाद की ओर से 17 जून को मत्स्य उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से बरेली मंडल के मछुआ समाज के प्रबुद्ध व शैक्षिक युवजनों के साथ बैठक व गोष्ठी करेगें। जिले के सभी पट्टेधारक, मत्स्य पालक व मत्स्य पालन गतिविधियों व व्यवसाय से जुड़े व्यक्ति 17 जून को सुबह 10 बजे पीलीभीत बाईपास रोड स्थित रुहेलखंड विश्वविद्यालय गेट नंबर 3 स्थित अटल सभागार में बैठक में प्रतिभाग कर मत्स्य विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ले सकते हैं।

# सातों दिन प्रतिष्ठान खोलने को कराएं रजिस्ट्रेशन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


व्यापार मंडल कार्यालय पर बैठक करते अधिकारी व व्यापारी।

- खिरनी बाग व्यापार मंडल कार्यालय पर हुई बैठक में दी गई जानकारी

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की एक बैठक अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध जागरूकता सप्ताह को लेकर खिरनी बाग कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने की।

श्रम विभाग की ओर से राजेश कुमार सिंह व ओम प्रकाश मुख्य अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि जो दुकानदार सप्ताह में सातों दिन व्यावसायिक प्रतिष्ठान खोलना चाहते हैं वह अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा लें यह फीस लाइफ टाइम मान्य है। महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने बताया कि व्यापार मंडल जल्द ही नगर की सभी प्रमुख बाजारों में श्रम विभाग के कैम्पों का आयोजन कराएगा, जिससे छोटे बड़े सभी व्यापारियों को श्रम विभाग के नियमों की जानकारी उपलब्ध हो जाएगी और उसी कैम्प में दुकानदारों का रजिस्ट्रेशन भी हो जाएगा। कोई भी दुकानदार अट्ठारह वर्ष से कम आयु के कर्मचारी को अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठान पर न रक्खे, जिससे उनका मानसिक व शारीरिक विकास बाधित ना हो। ऐसे बच्चों को पढ़ने लिखने के लिए उत्साहित करें। इस मौके पर प्रदेश संयुक्त महामंत्री नारायण दास अग्रवाल, महानगर महामंत्री अमित शर्मा, पंकज टंडन, अखिल मिश्रा, अशोक गुप्ता, महेंद्र कुमार दुबे, मोहम्मद यासिर, रविंद्र सिंह, लक्की खां, ज्ञान चंद्र आदि मौजूद रहे।

# परिजनों ने किया अंतिम संस्कार से इनकार

संवाददाता, जलालाबाद

- हत्या की रिपोर्ट दर्ज होने पर माने परिवार वाले
- अस्पताल से छुट्टी होने के बाद हो गई थी मौत


मृतक शेर सिंह।

**अमृत विचारः** नयागांव मैसूलपुर में हत्या का मुकदमा दर्ज न होने पर गांव वालों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। जिससे हड़कंप मच गया। पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। जिसके बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार किया।

जलालाबाद में गांव नया गांव मैसूल पुर निवासी पिंकी पत्नी शेर सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 10 जून को रात उनके गांव के ही दीपक पाठक उनके पति शेर सिंह को घर से बुला ले गए। दोनों में दोस्ती बताई जा रही है। बाद में किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके पति शेर सिंह के फोन से पत्नी के पास फोन किया और बताया कि शेर सिंह जलालाबाद से बुधवाना जाने वाली सड़क की खाई में बेहोश पड़े हैं।

परिवार के लोग मौके पर गए तो शेर सिंह खून से लथपथ पड़ा था। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां 13 जून को उन्हें होश आया। होश आने के बाद 14 जून को उनकी छुट्टी कर दी गई। जहां 15 जून की सुबह करीब 5 बजे उसकी मौत हो गई। महिला ने बताया कि उसके पति ने बताया कि उसके साथ दीपक पाठक निवासी नयागांव मैसूलपुर बाजार अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की जिससे उनकी मौत हो गई है।

शेर सिंह की मौत के बाद पुलिस ने 15 जून को शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। 15 जून की शाम जैसे ही मृतक का शव गांव पहुंचा गांव वालों ने अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया और मांग उठाई कि जब तक आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की जाएगी। तब तक वह अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। जिससे पुलिस के हाथ- पैर फूल गए। बाद में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जलालाबाद पुलिस ने एक नामजद दीपक पाठक सहित चार अज्ञात के खिलाफ हत्या सहित कई अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## एक जनपद, एक उत्पाद योजना के साक्षात्कार की तारीखें घोषित

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत जरी-जरदोजी ट्रेड में दक्षता, कौशल विकास, उद्यमिता विकास प्रशिक्षण और टूलकिट वितरण योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन करने वाले हस्तशिल्पियों व कारीगरों के साक्षात्कार की तिथियां निर्धारित कर दी हैं। 27 जून तक आवेदन करने वालों का साक्षात्कार 18 जून को सुबह 10 बजे, 28 मई से 15 जून के मध्य आवेदन वालों का साक्षात्कार 19 जून को सुबह 10 बजे होगा। साक्षात्कार कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र में होगा।

# कर्रखेड़ा के पास भैंसी में आया बारिश का पानी

**खुदाई में आ रही दिक्कत**

- भैंसी नदी में पाने आने के चलती खड़ी जेसीबी


भैंसी नदी में पानी के चलते खड़ी जेसीबी।

**अमृत विचारः** भैंसी नदी पुनर्जीवन अभियान के तहत खुदाई के दौरान बण्डा क्षेत्र में नदी में बारिश का पानी आने से काम रोकना पड़ा। पुवायां के सकरापुर के पास नाप होने के चलते काफी देर काम बाधित रहा।

नदी पुनर्जीवन अभियान के तहत जिले में पुवायां की भैंसी नदी का चयन किया गया। विगत चार दिनों से लगातार बण्डा के कर्रखेड़ा के पास से पुवायां के पन्नघाट तक नदी की खुदाई का काम जोरो से चल रहा है। 14 जेसीबी के माध्यम से नदी क्षेत्र की खुदाई और नहर पटरी का निर्माण कराया जा रहा है।

सोमवार की सुबह हुई बारिश के बाद बण्डा के लुहिची और कर्रखेड़ा के पास नदी क्षेत्र में बारिश का पानी आ गया, जिस कारण खुदाई करने में समस्या आ गई और काम रोकना पड़ा। क्षेत्रीय पदाधिकारी सुधीर सिंह ने बताया कि बण्डा से रामदेवरी व कमालपुर तक खुदाई कार्य किया जा चुका है। अब देवकली से कर्रखेड़ा तक खुदाई कार्य चल रहा था जिसमें बारिश होने के चलते पानी आ गया है। पानी सूखने के बाद दोबारा खुदाई कार्य शुरू कराया जाएगा। वहीं पुवायां क्षेत्र के सकरापुर के पास नदी क्षेत्र पर कब्जा कर खेत में मिलाने के कारण खुदाई कार्य प्रभावित हो गया था, जिसे कुछ देर बाद राजस्व टीम ने नाप कराकर दोबारा शुरू कराया। जिसके बाद तमाम कार्यकर्ताओ ने नदी में कदमताल करते हुए सेल्फी भी खिंचाई। इसके अलावा कई स्थानों पर छिटपुट बारिश का पानी आने से कुछ देर तक काम नहीं हो सका। लोकभारती पदाधिकारी राजीव सिंह ने तमाम स्पॉट पर जाकर खुदाई कार्य का निरीक्षण कर अन्य कार्यकर्ताओं को उचित दिशा निर्देश दिए और उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने बताया कि खुदाई कार्य शुरू होने पर पता चल रहा है कि कहाँ पर कितने भाग पर लोगों के द्वारा कब्जा किया गया है, जो अब छुड़ाया जा रहा है। एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार ने तमाम कार्यकर्ताओं से बरसात से पहले नदी की खुदाई और पटरी निर्माण का कार्य पूरा करवाने की अपील की।

प्रवेश प्रारम्भ

चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस

रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.

चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान

- उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
- सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
- सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति

स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें

GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी)
3 Years (इंटरमीडिएट)

आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज

विशेष सुविधाएं

- मेडिक्लेम, बीमा योजना
- ICU वेन्टीलेटर सुविधा

सिटी ऑफिस

चन्द्रलोक हॉस्पिटल

दूरबीन विधि द्वारा

- पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
- प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
- रसौली, बांझपन की जाँच
- बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन

- मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
- सभी प्रकार की सर्जरी
- पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
- ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
- ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
- हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज

पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

# 56 हजार लोग पक्के मकान से वंचित

## नगर निकाय : पीएम आवास पाने को किया आवेदन, डूडा ने शुरू कराया सत्यापन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



डूडा कार्यालय • अमृत विचार

- ऑफलाइन फॉर्म को मान्यता नहीं, 5000 फार्म निरस्त
- 12 निकायों में चल रही है पीएम आवास देने की प्रक्रिया

**अमृत विचार:** जिले के 12 नगर निकायों के 56 हजार लोगों ने पक्के मकान से वंचित होने का दावा करते हुए प्रधानमंत्री आवास पाने के लिए आवेदन किया है। वर्तमान में इन आवेदनों की जांच चल रही है। जांच के बाद आवास के लिए पैसा आवंटित करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। हालांकि इस बार ऑफलाइन फार्म स्वीकार नहीं किए जा रहे हैं। ऑफलाइन आए लगभग पांच हजार फार्म को रद कर दिया गया है। अब सिर्फ आनलाइन आए निकायों के 56 हजार फार्मों पर ही विचार किया जाएगा।

प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत किए जिले के सभी निकायों से आफलाइन जमा किए गए पांच हजार आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं। अब तक आए 56 हजार आनलाइन आवेदनों में पात्रों के चयन के लिए सर्वे शुरू हो गया है। वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आफलाइन आवेदन की प्रक्रिया थी। इसके तहत नगर निगम क्षेत्र के तीन हजार व अन्य निकायों से दो हजार आवेदन डूडा कार्यालय को प्राप्त हुए थे। शासन की ओर से

आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया को समाप्त आनलाइन व्यवस्था को लागू कर दिया। इसके साथ ही आफलाइन आवेदनों को निरस्त कर दिया गया। अब नए सिरे से आनलाइन आवेदन मांगे जाने पर इनकी संख्या में बड़ा इजाफा देखने को मिल रहा है। पीएम आवास योजना शहरी 2.0 के तहत अब तक 56 हजार आवेदन हो चुके हैं। आवेदनकर्ताओं का सत्यापन शुरू हो गया है। जिसमें पात्र पाए जाने पर आवास योजना के तहत तीन किस्तों में ढ़ाई लाख रुपये अनुदान प्रदान किया जाएगा। पीएम आवास योजना शहरी 2.0 के तहत आनलाइन आवेदन करने के लिए अधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा। वहां पीएमएवाई-यू 2.0 के लिए आवेदन करें का विकल्प मिलेगा। इस विकल्प पर क्लिक करके आवेदन प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं। आवेदन के दौरान आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, आयुक्त प्रमाण पत्र, मोबाइल नंबर, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज फोटो, बीपीएल राशन कार्ड की जरूरत होगी। अधिक जानकारी के लिए टाउन हाल स्थित डूडा कार्यालय पर संपर्क किया जा सकता है।

डूडा अभियंता अचित तिवारी ने बताया कि पीएम आवास योजना शहरी 2.0 में आनलाइन 56 हजार आवेदन आए हैं। इनकी जांच की जा रही है।

### कहां कितने आवेदन आए

नगर निगम शाहजहांपुर में 26,000 आवेदन आए हैं। जबकि नगर पालिका पुवायां में 996, जलालाबाद 717, तिलहर 779, कांट 2320, अल्हागंज 1.748, खुदागंज 1587, कटरा 2282, खुटार 2888, बंडा 4845, निगोही 4427 और कलान में 3582 आवेदन प्रधानमंत्री आवास के लिए आए हैं, जिनकी जांच की जा रही है।

# दिक्कत: मेडिकल कालेज में सीटी स्कैन मशीन खराब

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कंपनी के इंजीनियर आए, मशीन को ठीक करने में जुटे है
- अस्पताल आकर लौट रहे हैं मरीज हो रही परेशानी
- बिजली कर्मचारी भी मौके पर रह कर केबिल ठीक कर रहे

**अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कालेज में सीटी स्कैन मशीन तीन दिन से खराब पड़ी है। मरीज वापस लौट जाते है या फिर प्राइवेट अस्पताल में सीटी स्कैन कराते है। लखनऊ से कंपनी के इंजीनियर आए है और मशीन को ठीक करने का प्रयास कर रहे है।

राजकीय मेडिकल कालेज में मरीजों की सुविधा के लिए सीटी स्कैन मशीन लगी हुई है। सीटी स्कैन के लिए पांच सौ रुपये जमा कराए जाते थे। सरकार ने यह शुल्क माफ कर दिया है। मरीजों के सीटी स्कैन निशुल्क किए जाते है। मरीजों से किसी प्रकार कोई शुल्क अब नहीं लिया जाता है। सीटी स्कैन मशीन की सुविधा से मरीजों को प्राइवेट अस्पताल की दौड़ नहीं लगानी पड़ती है।

इधर तीन दिन से सीटी स्कैन मशीन खराब है। डाक्टर मरीज को सीटी स्कैन के लिए पर्चे पर लिखते है। मरीज सीटी स्कैन कराने के लिए जाता है तो पता चलता है कि मशीन खराब है। मरीज वापस लौट जाते है। जिन मरीजों को सीटी स्कैन जरुरी होता है, वह प्राइवेट अस्पताल में करा लेते है। मशीन को ठीक करने के लिए लखनऊ से कंपनी के इंजीनियर आए हुए और मशीन को चेक कर रहे है। इसके अलावा बिजली विभाग के कर्मचारी भी आए हुए है, जो बिजली की केबिल बदल रहे है। काफी समय से मशीन ठीक नहीं होने और बिजली केबिल खराब होने की बात कहकर मरीज का सीटीस्कैन नहीं हो रहा था। दूर राज से आने वाले मरीज लौट रहे थे।

मेडिकल कालेज के कार्यवाहक प्राचार्य महेंद्र गंगवार ने कंपनी के इंजीनियर मशीन को ठीक करने में जुटे हुए है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि मशीन मंगलवार तक ठीक हो जाएगी।

# धरना दे रहे किसानों से नहीं मिले अफसर

**तिलहर, अमृत विचार :** भाकियमू राष्ट्रवादी का धरना दूसरे दिन सोमवार को भी जारी रहा। किसान मजदूर यूनियन (राष्ट्रवादी) 10 सूत्रीय मांगों को लेकर तिलहर चीनी मिल ग्राउंड में धरना दे रही है। अभी तक धरना स्थल पर तहसील के किसी भी सक्षम अधिकारी को किसानों की सुध लेने का समय नहीं मिला है। जिस कारण किसानों व मजदूरों की समस्याओं को अनदेखा किया जा रहा है। जिसको लेकर चलाया जा रहा धरना दूसरे दिन जारी रहा।

तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार वर्मा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा जब तक किसानों की एक एक समस्या का समाधान नहीं किया जाएगा तब अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा। कहा कि अफसर किसानों को बरगला कर उनका आंदोलन खत्म करा देते हैं और समस्याओं का निराकरण करना भूल जाते हैं। कई बार से किसानों को केवल आश्वासन ही दिया जा रहा है लेकिन उसका पालन करने की सुध अफसर नहीं ले रहे हैं। सोमवार को धरने पर देवेंद्र सिंह, सुरेश सिंह, जगदीश सिंह, नेत्रपाल मौर्य, प्रमोद कुमार वर्मा, नरेंद्र पाल वर्मा, कमलेश कुमार, अभय यादव, महेश सिंह यादव, वीर सिंह, मोहनलाल, मनोज कुमार, योगेंद्र पाल शाक्य, सुरजीत सिंह, कामता सुनील यादव आदि रहे।

# राजस्व वाद निस्तारण में जिला प्रदेश में नंबर वन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह। • अमृत विचार

- राजस्व वसूली में लापरवाही नहीं चलेगी : डीएम
- बांट-माप अधिकारी की अनुपस्थिति पर मांगा स्पष्टीकरण

**अमृत विचार:** राजस्व वाद निपटारे में प्रदेश में नंबर वन अपना शाहजहांपुर जिला बना है। जिलाधकारी धमेन्द्र प्रताप सिंह ने यह जानकारी देते हुए सभी अफसरों को बधाई दी। साथ ही यह भी चेतावनी दी कि ऐसा न हो कि नंबर वन स्थिति आने के बाद वाद निपटाने में लापरवाही की जाए। राजस्व वाद निपटारे में लापरवाही अक्षम्य होगी।

सोमवार को कलेक्ट्रेट में हुई बेठक में यह बात डीएम ने कही। कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर सीएम डैशबोर्ड राजस्व वाद कानून व्यवस्था आदि की समीक्षा बेठक करते हुए जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली हर हाल में पूरी होनी चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई अधिकारी वसूली में शिथिलता बरतता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने परिवहन, आबकारी, खनन आदि विभागों को लक्षित राजस्व वसूली हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली के संबंध में निर्देश दिया कि लंबित राजस्व वादों को शीघ्र सुनवाई कर प्राथमिकता से निस्तारित किया जाए। बैठक में वाट-माप अधिकारी की अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।

साथ ही उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि रात्रि भ्रमण कर अवैध खनन पर रोक लगाई जाए और पूर्व में खनन किए गए स्थानों पर जुर्माना लगाया जाए। चकबंदी के अद्यतन कार्यों की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि संबंधित ग्रामों के काश्तकारों की आपत्तियों का समय से निस्तारण कर चकबंदी प्रक्रिया को पूर्ण कराया जाए।

सीएम डैशबोर्ड पर लंबित मामलों के समयबद्ध निस्तारण के लिए निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने गुंडा एक्ट, एनडीपीएस, गैंगस्टर एक्ट जैसे मामलों की भी विस्तार से समीक्षा की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राशिद अली, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार आदि रहे।

# रंग लाई मांग, अंडरपास निर्माण शुरू

**रौसरकोठी, अमृत विचार :** अंडर पास बनाए जाने की मांग को लेकर धरना दे रहे चौढ़ेरा के ग्रामीणों की मेहनत ने रंग लाना शुरू कर दिया है। इन दिनों लखनऊ पलिया राजमार्ग का विस्तारीकरण किया जा रहा है। कई जगहों पर पुलों और रोड को बढ़ाया जा रहा है।

रोड बनाए जाने का काम आरसीएल कंपनी के द्वारा कराया जा रहा है। हरदोई रोड पर ग्राम चौढेरा के पीछे से हाईवे का निर्माण कार्य काफी दिनों से चल रहा था। गांव के पीछे कोई भी अंडरपास न देने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त था। इसी कारण ग्रामीण 6 मई से धरने पर बैठे थे। ग्रामीणों की मांग थी कि उनको अपने खेतों पर जाने,अंत्येष्टि स्थल पर जाने और मवेशियों को ले जाने के लिए नेशनल हाईवे को पार करना पड़ेगा, जिससे दुर्घटनाएं होने का अंदेशा बना रहेगा। ग्रामीणों से वार्ता करने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट और एनएचएआई के अधिकारी भी मौके पर आए थे और अंडरपास बनाए जाने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया था।



ग्रामीणों की मांग पर अंडरपास बनाने का काम शुरू हो गया है।

सोमवार दोपहर एनएचएआई के कर्मचारियों ने ग्रामीणों को बताया कि अंडरपास की मांग को मान लिया गया है। अंडरपास बनाए जाने को लेकर मशीनों ने रोड खुदाई का काम शुरू कर दिया, जिसके चलते धरना दे रहे हैं। ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई, लेकिन ग्रामीणों ने अभी धरना समाप्त नहीं किया है। उनका कहना है लिखित आश्वासन के बाद ही धरने को समाप्त किया जाएगा। हालांकि अंडरपास का काम मशीनों से जोर-जोर से शुरू कर दिया गया है। रोड की खुदाई जारी है।

# नहर के दोनों ओर एप्रोच रोड बनवाएं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



एप्रोच रोड बनवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते संघर्ष समिति के पदाधिकारी

**अमृत विचार:** कोरोकुईया में हाईवे के दोनों ओर एप्रोच रोड बनाने की मांग को लेकर एप्रोच रोड संघर्ष समिति के बैनर तले आसपास के ग्रामीणों ने संयोजक स्वर्णिम तिवारी व संरक्षक राजेश अवस्थी के नेतृत्व में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा।

कहा कि दिल्ली पलिया नेशनल हाईवे पर स्थित कोरोकुईया गांव से बनाए गए पुल एवं हाईवे के दोनों ओर एप्रोच रोड नहीं बनाई जा रही है, जिससे कटौल, जमदुया, कोरोईंया, दिवाली, वाईकुंआ, चांदा, पसिया खेड़ा समेत दो दर्जन से अधिक गांव के हजारों लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। गांव से आने वाले लोगों को हाईवे पर आने-जाने में दिक्कत होगी, स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल आने-जाने में परेशानी, एक्सीडेंट की संभावना बढ़ने के पूरी उम्मीद गांव वालों को सता रही है। एप्रोच रोड नहीं बनने से गांव के हजारों लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचने में परेशानी हो सकती है। ज्ञापन देने वालों में अवनीश मिश्रा, अंकित शर्मा, सुबोध सिंह आदि भी शामिल थे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समय:- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

# हत्या की रिपोर्ट दर्ज हुई तब किया संस्कार

संवाददाता, जलालाबाद

- खून से लथपथ पड़ा मिला था युवक का शव
- अस्पताल से छुट्टी होने के बाद हो गई थी मौत
- परिजन लगा रहे हैं हत्या का आरोप

अमृत विचार: नयागांव मैसूलपुर में हत्या का मुकदमा दर्ज न होने पर गांव वालों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। जिससे हड़कंप मच गया। पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। जिसके बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार किया।



मृतक शेर सिंह

जलालाबाद में गांव नया गांव मैसूल पुर निवासी पिंकी पत्नी शेर सिंह ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 10 जून को रात 8 बजे उनके गांव के ही दीपक पाठक उनके पति शेर सिंह पुत्र मुन्नालाल को घर से बुला ले गए। दोनों में गाढ़ी दोस्ती भी बताई जा रही है। बाद में किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके पति शेर सिंह के फोन से पत्नी के पास फोन किया और बताया कि शेर सिंह जलालाबाद से बुधवाना जाने वाली सड़क की खाई में बुधवाना के निकट बेहोश पड़े हुए हैं।

सूचना पर परिवार के लोग मौके पर गए तो देखा कि शेर सिंह खून से लथपथ पड़ा हुआ था। हालत चिंताजनक होने पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां 13 जून को उन्हें होश आया। होश आने के बाद 14 जून को उनकी छुट्टी कर दी गई। जहां 15 जून की सुबह करीब 5 बजे उसकी मौत हो गई। महिला ने बताया कि उसके पति ने बताया कि उसके साथ दीपक पाठक निवासी नयागांव मैसूलपुर बाजार अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की जिससे उनकी मौत हो गई है।

शेर सिंह की मौत के बाद पुलिस ने 15 जून को शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। 15 जून की शाम जैसे ही मृतक का शव गांव पहुंचा गांव वालों ने अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया और मांग उठाई कि जब तक आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की जाएगी। तब तक वह अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। परिजनों के इस एलान के बाद पुलिस भी परेशान हो गई। इस ऐलान के बाद परिजन के समर्थन में लोग भी आने लगे। पहले तो पुलिस ने समझा कि थोड़ी देर बाद सभी को मना लिया जाएगा लेकिन मामला बढ़ता देख पुलिस के हाथ- पैर फूल गए। बाद में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जलालाबाद पुलिस ने एक नामजद दीपक पाठक सहित चार अज्ञात के खिलाफ हत्या सहित कई अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। मुकदमा पंजीकृत होने के बाद पीड़ितों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# स्टेशन पर फोन छीनकर भागा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सोमवार की शाम ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्री का मोबाइल छीनकर एक उच्चक्का भाग गया।

यात्री प्लेटफार्म एक पर निर्माण निरीक्षक कार्यालय के सामने लखनऊ जाने के लिए मुगलसराय एक्सप्रेस का इंतजार कर रहा था। वह मोबाइल पर किसी से बात कर रहा था। इसी दौरान एक युवक आया और उसके हाथ से मोबाइल छीनकर लकड़ी वाले पुल की तरफ भाग गया। उसने जीआरपी में जाकर मोबाइल छीनने की बात की। पीड़ित ने बताया कि वह कलेकट्रेट में कर्मचारी है ओर शहर में रहता हूं। जीआरपी ने उससे कहा कि लौटकर आकर तहरीर देना। इसी प्रकार एक सप्ताह पूर्व किसान एक्सप्रेस से एक यात्री लखनऊ से आ रहा था और दरवाजे पर खड़ा होकर फोन पर बात कर रहा था। कचहरी हाल्ट पर एक व्यक्ति ने उसके हाथ में डंडा मारा और मोबाइल नीचे गिरने पर लेकर भाग गया। पीड़ित ने एसपी को तहरीर दी थी।

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ...भी है।...
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम.के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

# रोजा में बेटे को खिलाकर मां ने भी खाया जहरीला पदार्थ, दोनों गंभीर

## पति के तानों से परेशान थी महिला, दवा कराने को पैसे नहीं देता था, गुस्से में उठाया कदम

संवाददाता, रोजा/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** बरनई गांव में पारिवारिक कलह को लेकर एक महिला ने पहले आठ वर्षीय बेटे को जहरीला पदार्थ खिलाया और फिर स्वयं खा लिया। हालत बिगड़ने पर दोनों मां-बेटे को राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। डाक्टर मेराज आलम ने दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई है।

रोजा थाना क्षेत्र के गांव बरनई निवासी सूरज और उसका बड़ा बेटा सिद्धांत घर पर नहीं थे। उसकी पत्नी पूजा (30) व बेटा (8) आयुष घर पर थे। बच्चों की तबीयत आए दिन खराब रहती थी। पूजा बच्चों की दवा के लिए पति सूरज से पैसे मांगती तो वह ताने मारा करता था। बताते हैं कि रविवार की शाम उसने पति से पैसे मांगे तो उसने देने से मना कर दिया। उसका पति घर से बाहर चला गया। पूजा ने गुस्से में आकर पहले छोटे बेटे आयुष को जहरीला पदार्थ खिला दिया और बाद में स्वयं भी जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद पूजा और उसके बेटे की तबीयत खराब हो गई। दोनों उल्टी करने लगे। खबर सुनकर गांव वाले घर पर आए और उसके पति को फोन किया। गांव वाले मां-बेटे को तुरंत मेडिकल कालेज लेकर आए। डाक्टर ने इलाज किया। दोनों की हालत में सुधार होने लगा। मेडिकल कालेज के डाक्टर डा. मेराज आलम ने सूरज को बताया कि दोनों ने मामूली सा जहरीला पदार्थ खाया था। जहरीले पदार्थ की मात्रा ज्यादा नहीं थी। दोनों की हालत ठीक है, वह खतरे से बाहर हैं।


अस्पताल में भर्ती महिला बेटे के साथ। ● अमृत विचार

"पूजा ने बेटे आयुष को जहर देकर खुद खा लिया था। पूजा ने पूछने पर बताया कि गुस्से में आकर जहरीला पदार्थ खा लिया था। अब वह अफसोस जाहिर कर रही है। उसकी और उसके बेटे की हालत ठीक है और खतरे से बाहर है। पूजा ने पति और ससुरालीजनों की शिकायत से इंकार किया है। उसका पति अस्पताल में देखभाल कर रहा है। पुलिस ने पूजा और उसके पति के बयान लिए हैं।
–**राजीव कुमार** थाना प्रभारी रोजा

### पति के ताने सुन गुस्से में खा लिया जहर

पूजा ने बताया कि पति से दवा आदि के लिए पैसे मांगती थी। पति ताना मारते हुए कहता थाकि गांव में किसी और के बच्चे बीमार नहीं रहते है, सिर्फ तेरे बच्चे बीमार रहते हैं। जब देखो तब खर्चा मांगती है। उसने बताया कि पति के ताने से परेशान हो चुकी थी। उसने गुस्से में आकर अपने आप और बेटे को जहरीला पदार्थ खिला दिया था। उसका मायका लखीमपुर के निघासन में है। पति खेती करता है। उसने कहा कि किसी से कोई शिकायत नहीं है।

### पत्नी से कोई विवाद नहीं हुआ था

सूरज ने बताया कि वह घर नहीं था। वह चक भिटारा गांव में गया हुआ था। वह घर पर आ रहा था और उसे फोन पर सूचना मिली कि पत्नी ने जहर खा लिया। वह घर पर आया और गांव वालों की मदद से पत्नी और बेटे को लेकर अस्पताल पहुंचा। उसने कहा कि उसकी पत्नी हमेशा गुस्से में रहती थी। उसका कोई झगड़ा नहीं हुआ था और न मारा पीटा था। उसके मायके वालों को बताया कि पूजा हमेशा गुस्से में रहती है।

## संदिग्ध परिस्थिति में लटका मिला किसान का शव

**खुटार, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव हंसपुर में घर के आंगन में खड़े पेड़ पर किसान का शव रस्सी के फंदे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों ने किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया है।

मृतक की पत्नी अर्शदीप कौर ने बताया कि रविवार शाम उसके पति जगजीत सिंह का शव घर के आंगन में खड़े पेड़ में रस्सी के फंदे से लटकता हुआ मिला। जगजीत सिंह पिछले कुछ समय से परेशान चल रहे थे। पत्नी के रोने बिलखने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## शादी का झांसा देकर किन्नर से 20 लाख ठगे

**निगोही/शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जिंदपुरा गांव के एक युवक ने किन्नर को शादी का झांसा दिया और कहता था कि तुम्हारे बिना मर जाऊंगा। किन्नर का आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर करीब 20 लाख रुपये ठग लिए है। पीड़ित किन्नर ने थाना पर तहरीर दी है।

कस्बा निगोही के एक किन्नर की जिंदपुरा गांव के एक युवक से चार साल पहले सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती हुई। युवक ने किन्नर के सामने शादी का प्रस्ताव रखा था। वीडियो काल पर युवक आत्महत्या करने की धमकी देता था। किन्नर का आरोप है कि युवक उसे रोज वीडियो काल करता था। एक दिन चाकू दिखाकर आत्महत्या कर लेने की बात कही।

आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर समय-समय पर रुपये लेकर 20 लाख रुपये ले लिए। अब उसने शादी करने और रुपये देने से भी मना कर दिया है। उसने कहा कि अब कोई मतलब नहीं है। आरोपी ने धमकी दी कि थाना पर शिकायत की तो जान से मार डालेंगे। किन्नर ने आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। सीओ सदर प्रयांग जैन ने बताया कि तहरीर मिली है और प्रभारी निरीक्षक जांच कर रहे है इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

# बंडा में महिला ने फंदा लगाकर दे दी जान


मौके पर मौजूद भीड़। ● अमृत विचार

सवाददाता, बंडा

- 16 घंटे बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव, तहरीर नहीं मिली


मृतका क्रांति देवी।

**अमृत विचार:** घरेलू कलह के चलते विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 16 घंटे बीत जाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

बंडा के गांव सिंगापुर पनई निवासी अनीश वर्मा की 25 वर्षीय पत्नी क्रांति देवी ने घरेलू कलह के चलते रस्सी के सहारे घर की खिड़की पर फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। अनीस ने मामले की जानकारी क्रांति देवी के मायके वालों को दी। घटना के बाद सोमवार दोपहर बाद करीब दो बजे गांव से ही किसी व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने अनीस को हिरासत में ले लिया। वहीं कई घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस ने जब शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजा। तब दोबारा किसी ने मामले की जानकारी पुलिस के उच्चाधिकारियों को दी। जिसके बाद शाम करीब साढ़े सात बजे शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। सोमवार शाम तक पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है।

क्रांति की मौत से दोनों घरों में कोहराम मचा हुआ है। उसकी मौत से उसकी सास जगरानी, मां रूबी देवी, भाई नितेश का रो रो कर बुरा हाल है।

## खाटू श्याम के नाम पर 2 लाख की चंदा वसूली का आरोप

संवाददाता, खुटार

- संकीर्तन कराने के नाम पर महज टेंट लगाकर आयोजक मौके से हुआ फरार, थाने में तहरीर
- पुलिस ने आयोजक को किया गिरफ्तार, शांति भंग में चालान

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव चांदपुर में रहने वाले सुमित कुमार शुक्ला ने थाने पर दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि कुछ दिन पहले गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने गांव के किनारे स्थित महेश बाबा के स्थान पर श्री खाटू श्याम बाबा का संकीर्तन करने की बात कही थी। जिसके लिए उन्होंने गांव के साथ ही पास पड़ोस के गांव और क्षेत्र से करीब दो लाख रुपए का चंदा एकत्रित किया। सुमित शुक्ला ने आरोप लगाया कि चंदा एकत्रित करने के बाद आरोपी ने जागरण करने के लिए जागरण पार्टी, टेंट सामान की बुकिंग भी कर दी और 15 जून को जागरण की तारीख निश्चित की गई। लेकिन जब जागरण होने की बारी आई, तो आरोपी मौके से भाग निकले और उन्होंने टेंट के साथ ही जागरण पार्टी को पैसे देने से मना कर दिया। जिसके बाद जागरण का कार्यक्रम निरस्त हो गया। जिस पर देर रात सुमित शुक्ला थाने पहुंचे और श्री खाटू श्याम बाबा का जागरण करने के नाम पर दो लाख रुपए का चंदा इकट्ठा कर हड़प लेने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को थाने बुलाकर बैठा दिया। सोमवार को पुलिस ने आरोपी का शांतिभंग में चालान कर दिया। जागरण के लिए टेंट की बुकिंग करने वाले टेंट स्वामी ने भी थाने पर तहरीर दे दी है।

# ट्रेन के शौचालय में मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** समर स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन के शौचालय में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। शव मिलने से कोच में अफरा-तफरी मच गयी। रन थ्रू ट्रेन को स्टेशन पर रोका गया। आरपीएफ और जीआरपी कोच के पहुंचे और शौचालय से शव को नीचे लाए। मृतक पंजाब का रहने वाला था।

चंडीगढ़-लखनऊ एक्सप्रेस शनिवार की दोपहर बाद जा रही थी। इस ट्रेन का शाहजहांपुर में स्टॉपेज नहीं है। बरेली और शाहजहांपुर के बीच एस-3 कोच के यात्री शौचालय में गए। यात्रियों ने शौचालय का दरवाजा खोला और एक युवक बेहोशी की हालत में पड़ा था। यात्रियों ने शोर मचाया कि शौचालय में एक युवक का शव पड़ा है। कोच के अंदर अफरा-तफरी मच गयी। यात्रियों ने रेलवे कंट्रोल को सूचना दी कि ट्रेन के शौचालय में एक युवक का शव पड़ा है। कंट्रोल ने आरपीएफ, जीआरपी और स्टेशन मास्टर को सूचना दी। कंट्रोल के आदेश पर ट्रेन को प्लेटफार्म एक पर रोका गया। जीआरपी और आरपीएफ कोच में गए और देखा कि एक युवक बेहोशी की हालत में पड़ा है। उसे नीचे उतारा गया। रेलवे के डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जीआरपी ने उसकी जेब की तलाशी ली तो एक डाक्टर का पर्चा निकला। जीआरपी ने डाक्टर को फोन मिलाकर जानकारी दी। पंजाब राज्य के मोगा जिले के थाना निहाल सिंह बाला के गांव सैकदो निवासी हरजीत सिंह सोमवार की सुबह जीआरपी थाना पहुंचे और मोबाइल फोटो देखकर कहा कि उसके भाई 35 वर्षीय जसवंत सिंह का शव है। वह पोस्टमार्टम हाउस पर गए और शव की शिनाख्त की। मृतक जसवंत सिंह पंजाब में वेल्डिंग का काम करता था। उनका किसी पर कोई आरोप नहीं है और बीमार रहते थे। परिवार वालों ने बताया कि 14 जून को बिना बताए घर से निकले थे। वह अक्सर चले जाते थे और दो दिन बाद वापस आ जाते थे। ट्रेन में कैसे बैठ गए, इसकी कोई जानकारी नहीं है। जीआरपी ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी हार्ट अटैक से मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के परिजन।

- पंजाब का रहने वाला था मृतक, परिवार का कोई आरोप नहीं

### दवा की पर्ची से पता चला परिवार को

जीआरपी ने मृतक के जेब की तलाशी ली तो उसकी जेब में एक डाक्टर का पर्चा निकला। पर्चे पर डाक्टर का नंबर लिखा था। जीआरपी ने डाक्टर का मोबाइल नंबर मिलाया। डाक्टर ने उसकी पत्नी का फोन नंबर दिया। जीआरपी के सिपाही ने फोन मिलाया तो उसकी पत्नी कमलप्रीत कौर ने फोन पर जानकारी देने के बाद मृतक का फोटो व्हाट्सएप पर डाला। परिवार वालों ने शव की पहचान जसवंत सिंह के रूप में की। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

## चोरी की बाइक समेत गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत बंडा पुलिस ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी की बाइक बरामद की है। बंडा थाना के उप निरीक्षक जयचंद गिरी ने बताया कि रविवार की शाम को सूचना मिली की, घुघचाई मार्ग पर एक वाहन चोर खड़ा है, जो चोरी की बाइक बेचने की फिराक में है। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पकड़ा गया चोर भारत निवासी बरीबरा थाना बंडा है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।

## अश्लील गाना गाने का आरोप

**रोजा।** थाना क्षेत्र के एक गांव के दबंग रंजिश के चलते महिलाओं को देखकर आठ जून को अश्लील टिप्पणी की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

INDIA'S WINNING STAR
GROUND AUDITIONS!
Your Stage. Your Spotlight. Your Stardom.
Do you have the voice to mesmerize?
The moves to electrify?
The passion to rule the stage?
LIVE AUDITIONS
122, Civil Lines, Avas Vikas, Bareilly
Win Prizes • Showcase Talent • Go Viral!
@indiaswiningstar
THE SHINING STAR ACADEMY
(A Proud Branch of India's Winning Star)
• Learn Singing & Dancing from Industry Experts
• From Basics to Pro • Kids to Adults
• Weekend/Weekday Batches Available
Call/WhatsApp Now: 9675034059

## पूर्व जिपंस के साथ मारपीट, चार के खिलाफ रिपोर्ट

**पुवायां, अमृत विचार:** क्षेत्र के एक पूर्व जिला पंचायत सदस्य के साथ कुछ लोगों ने झगड़ा करते हुए मारपीट का प्रयास किया। इस मामले में दो लोगों को नामजद करते हुए चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना क्षेत्र के गांव नाहिल निवासी प्रदुमनशंकर शुक्ला पुत्र गौरी शंकर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 14 जून को शाम अपनी आढत पर बैठे थे। तभी गांव के ही रमाकांत पुत्र रामासरे, मोहित उर्फ मोनू पुत्र रमाकांत व दो अन्य लोग आए। उन्होंने गाली गलौज करते हुए विपक्षियों की मदद करने का आरोप लगाया। जिनसे उक्त लोगों का युवक से झगड़ा हो गया था।

# खुटार में नकब लगाकर किया चोरी का प्रयास, दी तहरीर

संवाददता, खुटार

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव रुजहा खुर्द निवासी स्वर्गीय महेंद्र सिंह की पत्नी चंद्रा देवी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह अपने बच्चों के साथ रविवार की रात घर के बाहर दरवाजे पर लेटी थी। कि रात में अचानक तेज आंधी पानी की गड़गड़ाहट से वह जाग गई और बच्चों को उठाकर चारपाई लेकर जैसे ही घर के अंदर कमरे में पहुंची तो देखा कि कमरे की दीवार में नकब लगा हुआ था। जिस पर उन्होंने टोर्च की रोशनी डालकर देखा तो कमरे में सारा सामान विखरा पड़ा था। चोर मौके से फरार हो चुके थे। जबकि स्वर्गीय महेंद्र सिंह के भाई जितेंद्र सिंह के मकान को निशाना बनाने का प्रयास किया। लेकिन नकब न लग पाने पर वह भाग गए। चंद्रा देवी ने नकब लगे होने की सूचना रात में ही डायल 112 पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। कार्यवाहक थानाध्यक्ष सुभाष चंद्र ने बताया की चोरी की कोई तहरीर नहीं दी गई है।


मकान में लगाई गई नकब ● अमृत विचार

## दो अज्ञात शव मिले

**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि मेडिकल कालेज परिसर में सुबह एक बेहोशी की हालत में व्यक्ति मिला है। व्यक्ति को ट्रामा सेंटर में दिखाया तो डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की उम्र 40 साल होगी। सिंधौली थाना क्षेत्र में एक युवक (35) का शव मिला है।

## मेयर ने बताईं मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियां



**शाहजहांपुर।** 11 वर्षों में मोदी सरकार ने जनमानस के जो कार्य किये गये है उसके परिणाम स्वरूप आम जनमानस के जीवन में खुशहाली आई है। यह बात मेयर अर्चना वर्मा ने कही। वे सदर मंडल द्वारा आयोजित संकल्प सभा को सम्बोधित कर रही थीं। एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में सदर मंडल अध्यक्ष संजीव सक्सेना ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व से देश में एक नई चेतना का संचार हुआ है। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष आशीष शुक्ला, पार्षद नरेश मौर्या, विनय सक्सेना, शिव ओम, अवधेश सक्सेना मंजुला बाथम, रमेश यादव, देवाशीष पांडेय, सुनील गुप्ता, विपिन वर्मा, गौरव मिश्रा, आशीष चौधरी, नीरज वर्मा, जगदीश सिंह, अल्पना गुप्ता, सोनल त्रिपाठी, राजकुमार आदि रहे।

## किशोरी का किया अपहरण

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले के व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 14 जून की शाम उसकी 21 वर्षीय बहन किसी काम से गई थी। वह रात में दस बजे तक घर वापस नहीं आई। उनको जानकारी हुई कि उसकी बहन को कोई युवक अगवा करके ले गया है। उसकी बहन घर से 42 हजार रुपये ले गयी है। पुलिस युवती की तलाश कर रही है।

## हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के अलीजई निवासी मोहम्मद जमला खां ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 13 जून को वह अपने पुत्र विलाल के साथ कार से घर जा रहा था। आंख के अस्पताल के पास आरोपियों ने कार रोक ली और उसे और उसके पुत्र को कार से पकड़कर खींचने लगे। उसका पुत्र अपनी जान बचाकर भागा तो आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से फायर किए, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इशशन, बब्बन, रज्जाक, बकार, नदीम समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## महिला के बर्तन व सोने चांदी के गहने चोरी

**जलालाबाद, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव बझेड़ा महुआ डाडी निवासी महिला सुशीला देवी ने थाने में प्रार्थना पत्र दे कर बताया कि 13 जून की रात का खाना खाने के बाद कमरे के आगे आंगन में सो गई। महिला घर में अकेले ही रहती है। उसकी कोई संतान उसके पास नहीं है। कमरे के दरवाजे खुले थे। रात में गांव का एक व्यक्ति घर में घुस आया और उसने बर्तन और कमरे के अंदर रखे बक्से का ताला तोड़कर चांदी की पायल व सोने के कुंडल चोरी कर लिए। आहट पाकर वह जाग गई तो देखा कि आरोपी सामान ले जा रहा है। वह पीछे-पीछे उसके घर गई। वह अपने घर में घुस गया। महिला ने बताया कि वह जुआरी, शराबी और चोर किस्म का व्यक्ति है। महिला ने प्रार्थना पत्र देकर चोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।


पीड़ित महिला।

## स्मैक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**बंडा/शाहजहांपुर।** एसपी के निर्देश पर चलाए गए अभियान के तहत बंडा पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 37 ग्राम स्मैक बरामद की है। बंडा प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय को सोमवार की सुबह सूचना मिली कि चित्तरपुर नवदिया तिराहे पर एक मादक पदार्थ तस्कर खड़ा है। पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

रूहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL Vocational Education & Research
Estd. 2003
(SILVER LAW COLLEGE)
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
ADMISSION OPEN 2025-26
DIRECT ADMISSION
LL. B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
College Code : 119
General 45%, OBC 42%, SC/ST 40%
(in Intermediate & Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
9837485855, 9411472001
7983811321, 7906220708, 9068232656
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar, 12th Km. Pilibhit Road, Bareilly

वर्ष 1988 से खुसरो मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित
खुसरो कॉलेज
स्लीपर रोड सी.बी.गंज, बरेली
फोन 7417587162, 8923928009
Courses Offered:
B.A., B.Sc, B.Com, B.B.A., BCA, M.Com, M.Sc. (Chemistry, Physics, Zoology, Botany, Mathematics) M.A. (English, Hindi, Economics) Sociology, Political Science, Urdu, Education, History
नोटः- इस वर्ष आधी फीस पर प्रवेश
I.T.I. - Fitter, Electrician, Copa, Welder

सरदार वल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा, बरेली
निःशुल्क प्रवेश सत्र 2025-26
स्नातक प्रथम वर्ष
B.A. B.Sc. B.Com. B.Sc. Home Science B.B.A. B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. M.Sc. M.Sc. Home Science M.A. Home Science M.A. Drawing & Painting
D. Pharma COLLEGE CODE : 2143/3059 B.El.Ed. D.El.Ed.(BTC) B.Ed.
Contact No.
9412287776, 9412288876
9412288878, 9457507777
चेयरमैन - डा. हरीशंकर गंगवार
9412287777

SSVGI
SHRI SIDDHI VINAYAK GROUP OF INSTITUTIONS
16 Years Educational Excellence
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
• SSVIT | B.Tech (CS • IT • ME • CE • EE • EC) | M.Tech (CS • ME)
• SSVIM | MBA • Int. MBA • BBA • BCA • B.COM • B.COM (H) B.SC (PCM) • B.SC (ZBC) • B.SC (Home Sci. • Biotech)
• SSVP | Polytechnic (ME(A) • ME(P) • IT • EC • EE • CE)
• SSVSN | GNM • ANM
• SSVIP | D.Pharma • B.Pharma
• SSVIPS | Diploma in Optometry • Emergency & Trauma care X-Ray Tech. • Dialysis • Physiotherapy • O.T. Tech.
Why Enroll @ SSVGI
• Career-Focused Education • Best Placement in the Region • High-Tech Academic Infrastructure • Highly Experienced Faculty
20 LPA Highest CTC | 4.5 LPA Average CTC | 92% Placement in Past 5 Year
1200+ SSVGIans Placed in Top MNC's | 2000+ Placement Offers | 550+ Recruitment Partners
7599471145, 7599471144 | www.ssvgi.org
Campus: 10th Km Stone, Nainital Rd, Bareilly, U.P.
City Office: Avas Vikas Complex, Sheel Chauraha, Bareilly

## अमृत विचार आपके साथ....

प्रिय पाठक, आपके घर के आसपास या क्षेत्र में कोई ऐसी समस्या जो तमाम लोगों को प्रभावित करती है, परेशानी में डालती है फोटो के साथ हमें भेजें। हम उसे प्रकाशित कर आपकी समस्या संबंधित अधिकारी तक पहुंचाएंगे।
ईमेल :budaun@amritvichar.com

## एक नजर

### सरेराह युवक को पीटने का वीडियो वायरल

**बदायूं, अमृत विचार :** कुछ लोगों के एक युवक को लाठी-डंडों से पीटने का वीडियो वायरल हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वीडियो थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव तेलिया नगला का बताया जा रहा है। एक युवक ने पुलिस को तहरीर दी है। गांव निवासी वीरम ने तहरीर देकर बताया कि गांव के कुछ लोगों ने ट्रैक्टर से उनके पेड़ तोड़ दिए थे। वीरम का बेटा गौरव शिकायत करने लिए आरोपियों के घर गया था। यहां आरोपियों ने गौरव के साथ मारपीट शुरू कर दी। सूचना मिलने पर वीरम व उनकी पुत्रवधु पहुंची थीं तो हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट की। उनका मोबाइल फोन तोड़ दिया। किसी ने वीडियो वायरल कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

### आंगनबाड़ी कर्मचारी महासभा की बैठक आज

**बदायूं, अमृत विचार :** अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी महासभा की मासिक बैठक का आयोजन मंगलवार को मालवीय आवास गृह पर किया जाएगा। इसमें प्रमुख मुद्दा चेहरा प्रमाणीकरण एवं केवाईसी के विरोध का रहेगा। जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सक्सेना ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने को कहा है।

### छुट्टा पशुओं के हमले से जिले भर के लोग परेशान

**बदायूं, अमृत विचार :** छुट्टा पशु लोगों के लिए परेशानी बन गए है। आए दिन वह लोगों पर हमला कर रहे है। कई बार इन पशुओं के कारण हादसे भी हो रहे है। जिस कारण लोग परेशान है। उन्होंने गोशाला भिजवाने की मांग की है।

# अच्छा कार्य करने वाली ग्राम पंचायत की जाएंगी पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के तहत ग्राम पंचायत से मांगे आवेदन

**अमृत विचार :** गांवों में अच्छा कार्य करने वाली ग्राम पंचायतें पुरस्कृत होंगी। ग्राम पंचायतों को यह पुरस्कार मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के तहत दिया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। पंचायती राज विभाग ने पोर्टल खोल दिया है। योजना के तहत चयनित ग्राम पंचायतों को तीन से लेकर 12 लाख रुपये तक प्रोत्साहन के रूप में मिलेंगे।

सहायक विकास अधिकारी की देखरेख में ग्राम प्रधान के साक्ष्यों के आधार पर सचिव ऑनलाइन फॉर्म भरकर इसे फ्रीज करेंगे। पंचायतीराज विभाग के निदेशक अमित कुमार ने पोर्टल पर आवेदन लिए जाने के संबंध में डीपीआरओ पत्र भी भेजा है। डीपीआरओ यावर अब्बास ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन में 100 सवालों के जवाब भी देने होते हैं। इसमें महिला हितैषी, सुशासन, सामाजिक सुरक्षा, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा, स्वच्छ और हरित, पानी की उपलब्धता, बाल मैत्री, स्वस्थ गांव, गरीबी मुक्त गांव, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में पात्र लाभार्थियों की स्थिति, हेल्पलाइन, टीकाकरण, जनसेवा केंद्र की स्थापना और आमदनी, आश्रय स्थल और पंचायत की आमदनी आदि बिंदुओं पर पंचायतों का मूल्यांकन किया जाता है।

## लालजी यादव होंगे बदायूं के नए डीआईओएस

**बदायूं, अमृत विचार :** शासन स्तर से कई शिक्षा अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है। जारी की गई सूची में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. प्रवेश कुमार का भी नाम शामिल हैं। उनका अमरोहा स्थानांतरण कर दिया गया है। साथ ही देवरिया डायट में प्रवक्ता के तौर पर कार्यरत लालजी यादव को बदायूं का नया जिला विद्यालय निरीक्षक बनाया गया है। एक ही जिले में तीन साल से अधिक समय से कार्यरत शिक्षा अधिकारियों का स्थानांतरण शासन की ओर से किया गया है। डॉ. प्रवेश कुमार वर्ष 2021 से जिले में कार्यरत थे। जिला विद्यालय निरीक्षक के तीन साल से अधिक समय होने पर अमरोहा के लिए ट्रांसफर किया गया है।

### शासन ने भूमि का मांगा प्रस्ताव, डीएम ने एसडीएम को दिए तलाशने के निर्देश

# सभी विधानसभा क्षेत्रों में बनाए जाएंगे खेल स्टेडियम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- भूमि चिन्हित होने के बाद शासन को भेजा जाएगा प्रस्ताव

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में खेल स्टेडियम बनाया जाएगा। इसके लिए शासन की ओर से डीएम से भूमि संबंधी प्रस्ताव मांगा है। शासन से मिले आदेश के बाद डीएम ने सभी एसडीएम को तहसील क्षेत्र में भूमि चिन्हित करने के आदेश दिए हैं। इसके बाद प्रस्ताव बनाकर शासन में भेजा जाएगा।

मई के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रामीण क्षेत्रों में खेल मैदान होने की जरूरत पर बल दिया था। साथ ही उन्होंने सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्टेडियम बनाए जाने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद शासन स्तर से जिला अधिकारी से भूमि के लिए प्रस्ताव मांगा है। शासन स्तर से भूमि संबंधी प्रस्ताव मांगे जाने के बाद डीएम ने सभी तहसीलों के एसडीएम को भूमि चिन्हित करने के आदेश दिए गए हैं। जमीन की तलाश पूरी होने के बाद तहसील स्तर से रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी जाएगी। इसके बाद प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजकर बजट की मांग की जाएगी।

> शासन स्तर से स्टेडियम निर्माण के लिए भूमि संबंधी प्रस्ताव मांगा गया है। भूमि को चिन्हित करने के लिए सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए हैं। भूमि मिलने के बाद प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।
> – डॉ. वैभव शमा, एडीएम वित्त एवं राजस्व

### ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं है स्टेडियम

जिला मुख्यालय को छोड़कर किसी भी तहसील क्षेत्र में स्टेडियम नहीं हैं। इसके कारण ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को खेल की तैयारी करने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हालांकि कुछ ब्लॉकों में खेल मैदान हैं, लेकिन उनमें सुविधाओं का अभाव है। सुविधाएं न होने की वजह से खिलाड़ियों को दूसरे शहरों की ओर रुख करना पड़ता है।

### खेलो इंडिया के तहत भी मांगे गए थे प्रस्ताव

वर्ष 2015 के दौरान सरकार ने खेलो इंडिया के तहत आधुनिक स्टेडियम बनाने के लिए जमीन का प्रस्ताव मांगा गया था। युवा कल्याण विभाग की ओर से ब्लॉक आसफपुर के गांव प्रसन्न हरी और दहगवां ब्लॉक के गांव दुर्गपुर में भूमि चिन्हित करने के बाद प्रस्ताव भेजा था। एक दशक पूरा होने को है, लेकिन आज तक भेजे गए प्रस्ताव पर मंजूरी नहीं मिल सकी है।

## 30 तक अधिवक्ता आवश्यक के अलावा नहीं करेंगे न्यायिक कार्य

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को सभा हुई। सभा में 30 जून तक आवश्यक कार्य को छोड़कर न्यायिक कार्यों से विरत रहने का निर्णय लिया गया है।

प्रस्ताव में कहा गया है कि हाईकोर्ट भी जून महीने में आवश्यक कार्य को खुला रहता है। जिले में कार्यरत जज और न्यायिक अधिकारी जून माह में अवकाश पर रहते हैं। सिविल कार्य जून भर बंद रहता है। इसी क्रम में 30 जून तक आवश्यक कार्यों के लिए अधिवक्ता उपस्थित रहेंगे। हाईकोर्ट निर्देशन जिला जज, सभी न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ताओं को सहयोग और परस्पर एक दूसरे को सहयोग करने और पत्रावलियों अधिवक्ताओं की अनुपस्थिति में प्रतिकूल आदेश पारित न किए जाने के लिए जिला बार निवेदित है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अधिवक्ता जिला बार एसोसिएशन को अवगत कराएंगे।

# रात में झमाझम बारिश, शहर में सड़कों पर जलभराव, आवागमन में हुई परेशानी

### तीन घंटे तक हुई बारिश, अधिकतम 35, न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पिछले कई दिनों से पड़ रही थी भीषण गर्मी, लोग थे परेशान

**अमृत विचार:** जिले में झमाझम बारिश हुई। भोर से शुरू हुई बारिश सुबह सात बजे तक जारी रही। हालांकि बारिश के बाद मौसम साफ हो गया और धूप खिल उठी। उत्पन्न हुई उमस भरी गर्मी से लोग पसीना पसीना हो गए। वहीं बारिश की वजह से शहर में कई स्थानों पर जलभराव हो गया। इससे लोगों को आने जाने में परेशानी हुई। कृषि विभाग ने 18 जून को प्री मानसून की दस्तक देने का अनुमान लगाया था, लेकिन उससे पूर्व ही बारिश हो गई।

पिछले कई दिनों से गर्म हवाएं और गर्मी लोगों को परेशान कर रही थी। तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा था। रविवार से आसमान में बादल छाने लगे थे। साथ ही कहीं कहीं बूंदाबांदी भी हुई। साथ ही ठंडी हवाएं भी चलने लगी थी, लेकिन लोगों को गर्मी से छुटकारा नहीं मिल रहा था। सोमवार की भोर करीब चार बजे आसमान में काले बादल छाए गए। कुछ ही देर में बारिश शुरू हो गई। करीब साढ़े सात बजे तक गरज और चमक के साथ झमाझम बारिश हुई। बारिश होने से मौसम खुशनुमा हो गया। लोगों को गर्मी से काफी हद तक राहत मिली। नौ बजे के बाद आसमान साफ हो गया और धूप खिल उठी। उसके बाद उमस भरी गर्मी से लोग पसीना पसीना हो गए। मौसम विभाग के जारी किए गए अलर्ट के अनुसार कृषि विभाग ने 18 और 19 जून से जिले में प्री मानसून दस्तक दिए जाने की संभावना को जताया था। लेकिन उससे पूर्व ही बारिश हो गई। इससे तापमान में भी कमी आई है। दोपहर के समय अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। कृषि विभाग के अधिकारी मंगलवार को आसमान में बादल छाए रहने और हल्की बूंदाबांदी की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।



बारिश से मालगोदाम रोड पर जलभराव। ● अमृत विचार



मधुवन कॉलोनी में बारिश से जलभराव।

### इन स्थानों पर हुआ जलभराव

बारिश होने के बाद शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया। पनबड़िया, सुभाष चौक, नई सराय, मथुरिया चौराहा, आवास विकास कॉलोनी, लोची, दिनेश चौक आदि स्थानों पर बारिश से जलभराव हो गया। जलभराव होने से लोगों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सोमवार की सुबह झमाझम बारिश के चलते रोडवेज बस स्टैंड परिसर में जलभराव हो गया। रोड कीचड़ से भर गया। जलभराव होने से यात्रियों को बसों में चढ़ने उतरने को लेकर दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## सीसी रोड और नाली के निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण



जन चौपाल के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- विधायक महेश चंद्र बोले प्रधानमंत्री जो कहते हैं जरूर कर दिखाते हैं

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार के 11 साल का कार्यकाल पूरा होने पर शक्ति केंद्र पर जन चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ग्राम पंचायत भटौली, हसनपुर और करतोली में शक्ति केंद्र पर सभाओं में पहुंचे। उन्होंने डबल इंजन की सरकार के कार्यों की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि पहलगांव हमले के बाद भारत की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में जिस तरह से पाक में घुसकर आतंकियों को ढेर किया है इससे सिद्ध होता है कि मोदी है तो मुमकिन है। हमें अपने देश की सेना पर गर्व है। इस ऑपरेशन के लिए भारतीय सेना को सैल्यूट है। प्रधानमंत्री जो कहते हैं वह कर दिखाते हैं। आगे भी आतंकियों का ढूंढकर खात्मा किया जाएगा। आज पाकिस्तान कांप रहा है। सदर विधायक ने गांवों में सीसी और नाली के निर्माण के कार्यों का लोकार्पण किया। ब्लॉक प्रमुख पति अनेक पाल सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष सोबरन सिंह राजपूत, नौरंगपाल राजपूत, अनिल सिंह, ओमपाल राजपूत, जितेंद्र, हरवंश शाक्य, अनिल सागर, सुरजीत शाक्य, राजवीर सिंह, गौतम ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# जिले में खुले परिषदीय स्कूल अधिकतर में नहीं पहुंचे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मौसम खराब होने से नहीं जा पाए शिक्षक, स्कूलों में लटके ताले

**अमृत विचार :** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद सोमवार से सभी स्कूल खुल गए। सुबह के समय बारिश होने की वजह से शिक्षक देरी से स्कूल पहुंचे। स्कूल पहुंचकर वहां की साफ सफाई की। कुछ में शिक्षकों के न पहुंचने की वजह से ताले लटके नजर आए।

परिषदीय सहित मान्यता प्राप्त स्कूलों में 20 मई से ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया था। 25 दिन के अवकाश के बाद सोमवार को सभी स्कूल खुल गए, लेकिन स्कूलों में बच्चों के अभाव में रौनक नहीं थी। दरअसल, भीषण गर्मी के चलते शासन की ओर से बच्चों की छुट्टियां 30 जून तक के लिए बढ़ा दी गई हैं। शिक्षकों को स्कूल पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। सोमवार को सुबह के समय तेज बारिश हुई। बारिश आठ बजे तक जारी रही। इस कारण अधिकांश स्कूल नहीं खुल सके। परिषदीय स्कूलों में भी शिक्षक देरी से पहुंचे। मुख्यालय के नजदीक स्कूल स्कूलों में शिक्षकों ने पहुंचकर वहां की साफ सफाई कराई, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश स्कूलों के ताले नहीं खुल सके। जगत ब्लॉक के प्राथमिक स्कूल रसूलपुर बिलहरी रुपापुर, उदमई सहित कई प्राथमिक स्कूलों में शिक्षकों के न पहुंचने की वजह से ताले नहीं खुल सके। बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि स्कूलों की छुट्टियां समाप्त हो चुकी है। सभी स्कूल खुल गए हैं। बच्चों की छुट्टी 30 जून तक बढ़ा दी गई है। कुछ स्कूल नहीं खुलने की सूचना है। खंड शिक्षा अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है।

## 15 घंटे से ठप रही कस्बा सहित देहात क्षेत्र में बिजली

**सहसवान, अमृत विचार :** कस्बा सहित देहात क्षेत्र की बिजली 15 घंटे ठप पड़ी है। सोमवार रात तीन बजे गई बिजली देर शाम तक बहाल नहीं हो सकी। भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली न होने से लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं।

सोमवार की सुबह करीब तीन बजे से गुल हुई बिजली सोमवार शाम छह बजे तक भी बहाल नहीं हो पाई है। बिजली विभाग के सूत्रों के मुताबिक, बिजली घर केवल कुछ संविदा कर्मियों के भरोसे चल रहा है। इस वजह से फाल्ट ढूंढने और उसे ठीक करने में भारी दिक्कत आ रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार बिजली विभाग से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। गर्मी से बुरा हाल है। पीने के पानी की भी समस्या हो गई है। प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की जा रही है।

# 19 से 31 तक चलेगी लालकुआं प्रयागराज साप्ताहिक विशेष ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बदायूं से 8.55, बरेली जंक्शन से 9.55 और बरेली सिटी से 10.15 बजे ट्रेन प्रस्थान करेगी

**अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन यात्रियों की सुविधा के लिए लालकुआं-प्रयागराज-लालकुआं साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचालन शुरू करने जा रहा है। यह ट्रेन प्रयागराज से 19 जून से 31 जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार और लालकुआं से 20 जून से 1 अगस्त तक प्रत्येक शुक्रवार को सात फेरों के लिए चलाई जाएगी।

सोमवार को पूर्वोतर रेलवे ने बताया कि प्रयागराज-लालकुआं साप्ताहिक विशेष गाड़ी प्रयागराज से रात एक बजे प्रस्थान करेगी, जो अगले दिन शुक्रवार को फतेहपुर से 1 बजे, कानपुर सेंट्रल से 3.35 बजे, कन्नौज से 4.50 बजे, फर्रुखाबाद से 6 बजे, कासगंज से 8 बजे, बदायूं से 8.55 बजे, बरेली जंक्शन से 9.55 बजे, बरेली सिटी से 10.15 बजे, इज्जतनगर से 10.35 बजे, बहेड़ी से 11.25 बजे, किच्छा से 11.42 बजे प्रस्थान कर 12.45 बजे लालकुआं पहुंचेगी।

वापसी में 04118 लालकुआं-प्रयागराज साप्ताहिक विशेष गाड़ी 20 जून से 1 अगस्त तक प्रत्येक शुक्रवार को लालकुआं से 14.50 बजे किच्छा से चल कर बरेली बदायूं होते हुए अगले दिन शनिवार को शाम चार बजे प्रयागराज पहुंचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित प्रथम श्रेणी के 1, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 2, तृतीय इकानोमिक श्रेणी के 2, शयनयान श्रेणी के 5, साधारण द्वितीय श्रेणी के 4 और एलडब्ल्यूएफसी डब्ल्यू एसी. (पावर) के 1, एलएसएलआरडी. के 1 कोचों सहित कुल 16 कोच लगाए जाएंगे।

## पाइप लाइन डालने पहुंचे ठेकेदार से ग्रामीणों की नोकझोंक

**उसहैत , अमृत विचार :** जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्राम पंचायतों में ओवरहेड टैंक का निर्माण कराने के साथ पाइप लाइन को डाला जा रहा है। ग्राम पंचायत में सरेली पुख्ता में ओवरहेड टैंक का निर्माण होने के साथ पाइप लाइन भी डाली जानी है, लेकिन अब तक ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है।

इससे पूर्व ही ठेकेदार मजदूरों को लेकर गांव में पाइप लाइन डालने पहुंच गया, लेकिन ग्रामीणों ने ठेकेदार को सड़क की खुदाई नहीं करने दी। ग्रामीणों का कहना था कि पहले ओवर हेड टैंक का निर्माण करो फिर पाइप लाइन डालना। ठेकेदार और ग्रामीणों में काफी समय तक नोकझोक होती, लेकिन ग्रामीणों ने सड़क नहीं खोदने दी। वहीं गांव के प्रधान विश्वनाथ यादव ने जल जीवन मिशन के अधिकारियों से ओवर हेड टैंक का निर्माण कराने का अनुरोध किया है।

# बिनावर बिजली घर में जलभराव

संवाददाता, विजय नगला

- हजारों लोगों को पेयजल को लेकर परेशानी का करना पड़ रहा सामना

**अमृत विचार :** झमाझम हुई बारिश का पानी बिनावर बिजली घर में भर गया। इससे 100 से अधिक गांवों की बिजली गुल हो गई। हजारों लोगों को बिजली ठप होने से परेशानी हुई।

रविवार देर रात भारी बारिश से जगह जगह पानी भर गया। सब स्टेशन बिनावर पर पानी भर जाने से बिजली ठप हो गई। इससे क्षेत्र के गांव भूरीपुर कुसैना, टिटौली, तकीपुर, भटौली, उसैता, करतोली, ढकिया विजय नगला, पस्तोर समुदाय स्वास्थ्य केंद्र घटपुरी, थाना बिनावर समेत लगभग 102 गांव से अधिक की बिजली सप्लाई ठप हो गई। पिछले कई घंटों तक बिजली आपूर्ति ठप होने से गर्मी में लोगों को दिक्कत हुई। बिजली उपभोक्ता, वीरपाल, सुनील कुमार, राजेंद्र सिंह जगपाल, रामऔतार, कुंवरपाल, धर्मपाल सिंह राजेंद्र ओमेंद्र सिंह अनिल कुमार देवेंद्र सिंह राजपाल चंद्रपाल, धर्मवीर सिंह, प्रकाश आदि दर्जनों उपभोक्ताओं बताया ने हर वर्ष बरसात के मौसम में बिजली घर में पानी भर जाता है। इसे निकालने में कई दिन लग जाते हैं। इससे बिजली आपूर्ति ठप हो जाती है। बिजली न मिलने से क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई। क्षेत्र के लोगों ने डीएम से बिजली घर में निकास की स्थाई व्यवस्था करने की मांग की है। अवर अभियंता सतीश सिंह ने बताया बिजली घर में पानी भरने के कारण बिजली आपूर्ति ठप रही। जल्द ही बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।



बिनाबर बिजली घर में भरा पानी। ● अमृत विचार

## ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के बदायूं चुंगी पर ट्रैक्टर-ट्राली की साइड लगने से बाइक सवार चाचा-भतीजा घायल हो गए।

बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव पाठकपुर धनियावली निवासी वीरेंद्र सिंह पुत्र बांदू सिंह अपने चाचा मुकुट सिंह पुत्र रंगदारी सिंह के साथ बाइक से रविवार की रात थाना बिलारी क्षेत्र के गांव नीरु खेड़ा किसी कार्य से जा रहे थे। बाइक सवार रात 9 बजे बदायूं चुंगी पर पहुंचे तो सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को साइड मार दी। हादसे में चाचा-भतीजा घायल हो गए। 108 एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। वीरेंद्र की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# चनी गांव में फैली गंदगी बनी लोगों के लिए मुसीबत

संवाददाता, उघैती

**अमृत विचार :** उघैती क्षेत्र का गांव चनी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। गांव को मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल पाई हैं। गांव में गंदगी का साम्राज्य है। गलियों में कीचड़ और गंदा पानी बहने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गांव चनी की आबादी दो हजार से अधिक है। गांव में टूटी सड़कों और कच्ची गलियों में कीचड़ गंदगी भरी होने से भारी दुर्गन्ध आती है। ग्रामीणों ने बताया ग्राम प्रधान चुनाव जीतने के बाद दिल्ली चले गए और वही रहते है। गांव बदहाल स्थिति में है। इसकी कोई सुनने वाला नहीं है। गांव की गालियां व नाले नालियां गंदगी से बजबजा रहे हैं। गांव में हर ओर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। उबड़ ख़बड़ रास्ते इस गांव की पहचान बने चुके हैं। इस गांव के लोग मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं। गांव के परवीन, तहसीन, शहजाद, मुस्तकीम, राशिद, अन्नू,मुन्नालाल, रोहताश, मोरपाल, देवेंद्र, इमरान, इम्तियाज, जावेद, साजिद, सलमान, खुर्शीद, सहित दर्जनों ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से गांव के हालत सुधारने की मांग की है।



गांव की नालियों में भरा कीचड़ ।

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें दर्द रहित उपचार
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है
● मस्से होना ● सूजन होना
● जलन होना ● उठाने-बैठने में तकलीफ होना
● खूनी बवासीर होना
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:सन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
नशा छुडाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोट:- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।
सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

# जिला अस्पताल में बुखार के मरीजों की भरमार, मेडिकल वार्ड के बेड फुल

## दो दिनों में 27 मरीजों को किया भर्ती, लगातार बढ़ती जा रही मरीजों की संख्या

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** तेज धूप और उमस के चलते लोग बुखार की चपेट में आ रहे हैं। स्थिति बिगड़ने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। दो दिन में 27 बुखार पीड़ितों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें सात लोग श्वास के मरीज हैं। मरीजों की संख्या बढ़ने से मेडिकल वार्ड पूरा भर गया है।

नया और बड़ा वार्ड होने के कारण मरीजों को इसी वार्ड में रखा गया है। सोमवार को जिला अस्पताल में करीब 400 से अधिक मरीजों के पर्चे बनाए गए। इनमें करीब 290 लोग बुखार और श्वास पीड़ित थे। मरीजों को दवा दी गई। कई गंभीर मरीज भर्ती किए गए। डॉ. एसएम कमल ने बताया कि पिछले तीन चार दिनों से बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ी है। तेज गर्मी के चलते बुखार होने लगा है। इस बार अचानक बुखार आता है जिससे मरीज बेहोश हो रहा है। ऐसे मरीजों को भर्ती करना पड़ रहा है।

सोमवार को 36 मरीजों का बलगम टेस्ट किया गया। सैकड़ों मरीज लाइन में लगे रहे। दूर दराज से आने वाले मरीजों की हालत बिगड़ गई। उन्हें आनन फानन में दवा देकर घर भेजा गया। डॉ. विनेश कुमार ने बताया कि श्वास के सात मरीजों को भर्ती किया गया है, जबकि तीन दर्जन मरीजों का बलगम टेस्ट कराया गया है। 16 मरीजों का एक्सरे कराने को लिखा गया है।


मेडिकल वार्ड में भर्ती मरीज। ● अमृत विचार


बच्चे को देखते डा. स्वर्णिम यादव।

- 400 मरीजों के पर्चे बने, 36 क्षय रोगियों का कराया बलगम टेस्ट

### 30 प्रतिशत बढ़े डायरिया से पीड़ित बच्चे

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में करीब 187 बच्चों को देखा गया। इनमें से 50 बच्चों को डायरिया की शिकायत थी। डायरिया पीड़ित बच्चों के परिजनों का कहना है कि गर्मी में बच्चे उल्टी करते हैं- कई बार दस्त होते हैं। कुछ भी नहीं खाने के बाद भी बार बार दस्त होते हैं। डायरिया के यह लक्षण हैं। बाल रोग विशेषज्ञ स्वर्णिम यादव ने बताया कि गर्मी में अधिकांश छोटे बच्चे डायरिया की चपेट में आते हैं। महिला चिकित्सक रुचि गुप्ता ने बताया कि गर्मी में गर्भवती महिलाओं की अधिक दिक्कत होती है। जिन महिलाओं में खून की कमी होती है उनके गर्भस्थ शिशु का विकास बाधित होता है इसलिए महिलाएं अधिक संख्या में आती हैं।

## गोवंश के शव को नोच रहे कुत्ते ग्रामीणों में रोष

**दबतोरी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव परसिया समेत कई गांवों में जिम्मेदारों की लापरवाही से गोवंश के शवों को कुत्ते नोंच कर खा रहे हैं। बदबू के कारण लोगों का बुरा हाल हो गया है। गोवंश के शवों की दुर्दशा पर ग्रामीणों में रोष है।

ग्राम परसिया में शनिवार को एक बीमार गोवंश की मौत हो गई। उसका शव वहीं पर पड़ा रहा। रविवार की शाम से सोमवार 12 बजे तक अतरपुरा रोड पर शव को कुत्ते नोंचते रहे। जिसने भी यह दृश्य देखा वह प्रधान और बीमार सिस्टम को कोसता रहा।

किसी ने गोवंश के शव को दफनाने का प्रयास नहीं किया। किसी ने ग्राम प्रधान को सूचना दी मगर ग्राम प्रधान मौके पर नहीं पहुंचे। गांव के अंकित सिंह ने डीएम को फोन पर जानकारी दी मगर वहां से भी कोई जवाब नहीं आया और न ही जिम्मेदारों ने कोई कदम उठाया। बीमार और लाचार सिस्टम पर ग्रामीणों ने विरोध प्रकट किया है।

## कलह, कारण और निवारण विषय पर की गोष्ठी

**बदायूं, अमृत विचार :** शहर के अल फारिया अस्पताल में सद्भावना मंच की ओर से पारिवारिक कलह, कारण और निवारण विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। डॉ. इत्तेहाद आलम ने कहा कि सभी लोगों को जिम्मेदार नागरिक के तौर पर जीवनयापन करने की जरूरत है। भूराज सिंह ने पारिवारिक कलह का मुख्य कारण अहंकार को बताया। गोष्ठी में सबीहा, हाफिज सिद्दीकी इस्लामिया इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य खिजर अहमद, शीबा खान, सौरभ सक्सेना, अधिवक्ता सतेंद्र पाल, ज्ञान चंद टंडर, अभिषेक आनंद, मुन्ना लाल शाक्य, सलीम असगर, डॉ. संजीदा आलम व मो. आकिल ने विचार व्यक्त किए। नीट उत्तीर्ण करने पर उमैर नाजिम और नेट जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर अब्दुल्ला नाजिम को सम्मानित किया गया। सिराज अहमद, सलीमुद्दीन, डॉ. इम्तियाज अहमद, सरफराज अहमद, रियाज अहमद, मोहम्मद शादाब आदि ने प्रतिभाग किया। संचालन शिक्षक फरहत हुसैन ने किया।

## सार-संक्षेप

### लाभार्थियों को सदर विधायक ने सौंपे चेक



**बदायूं, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद आंबेडकर नगर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के 11690 आश्रित परिवारों को 561.86 करोड़ रुपये की सहायता राशि वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कलेक्ट्रेट में सीधा प्रसारण दिखाया गया। कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता व डीएम अवनीश राय ने आश्रित परिवारों को प्रतीकात्मक रूप से चेक बांटे। साथ ही मुख्यमंत्री का कार्यक्रम देखा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और आश्रित परिवारों के सदस्य मौजूद रहे।

### जन चौपाल में गिनाईं सरकार की उपलब्धियां



**बिल्सी, अमृत विचार :** प्रदेश और केंद्र सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा पंचायत चौपाल का आयोजन कर रही है। नगर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने सरकार की उपलब्धियों से लोगों को अवगत कराया। भाजपा नेता ममता शाक्य ने कहा की मोदी सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं चला रखी हैं। योजनाओं का सीधा लाभ गरीबों और वंचित वर्ग को मिल रहा है। प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना के अन्तर्गत देश की अस्सी करोड़ आबादी को निशुल्क राशन वितरित किया जा रहा है और प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गरीबों को निशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए है। मंडल अध्यक्ष आदित्य माहेश्वरी, रामेश्वर शाक्य, निखिल सक्सेना, लीतेश शाक्य, ह्रदेश शाक्य, मालिक सिंह, राजा राम शाक्य आदि उपस्थित रहे।

### 53 परिवारों को बांटे कृषक दुर्घटना योजना के चेक



**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील सभागार में सोमवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक हरीश शाक्य ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 53 लाभार्थियों को चेक वितरित किए। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थियों को लाभ देने का काम प्राथमिकता से किया जा रहा है। ताकि पीड़ितों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस मौके पर एसडीएम रिपुदमन सिंह, कोतवाल मनोज कुमार सिंह, नायब तहसीलदार बदन सिंह यादव, मोहित कुमार राठी, पूर्व चैयरमेन ओमप्रकाश सागर आदि उपस्थित रहे।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**सहसवान, अमृत विचार :** नगर में जीवन बल ब्लड सेंटर द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। इसका शुभारंभ तहसीलदार एसएन यादव ने स्वयं रक्तदान करके किया। तहसीलदार ने कहा कि रक्तदान से दानकर्ता को शारीरिक रूप से कई लाभ होते हैं। रक्तदान से डरने की कोई आवश्यकता नहीं है। लोग अधिक से अधिक संख्या में आगे आकर रक्तदान करें और अपने आप को स्वस्थ रखें। शिविर में मनोज कुमार, आयुष असावा, राहुल सिंह, विपिन यादव, डॉ. आदित्य, डॉ. एस दीक्षित, डॉ. चैतन्य, डॉ. अमोल गुप्ता, वंदना दीक्षित, विष्णु लवानिया, मो. आलम, राहुल, श्री कुषाग्र पांडे सहित अनेक रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अंत में डॉ. एस दीक्षित ने सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा-पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए।

### 19 मृतक किसानों के परिजनों को चेक सौंपे



**सहसवान, अमृत विचार :** तहसील के सभागार में किसान दुर्घटना बीमा योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें 19 मृतक किसानों के परिजनों को 95 लाख रुपये की चेक वितरित किए। मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा विधानसभा प्रत्याशी डीके भारद्वाज ने मृतकों के परिजनों को चेक सौंपे। 19 मृतक किसानों के परिजनों को पांच- पांच लाख रुपये दिए गए। लाभार्थियों 95 लाख की धनराशि वितरण की गई। उप जिलाधिकारी प्रेमपाल सिंह, लेखपाल सत्यपाल सिंह, कामेश कुमार, मनोज कुमार, अवधेश कुमार, रामपाल, आदित्य कुमार, जितेंद्र कुमार, अच्छे लाल, सुमित कुमार, हरीश कुमार, प्रेमपाल सिंह, राकेश कुमार और सुशील शर्मा आदि मौजूद रहे।

## योग करने से मनुष्य का जीवन बनता है निरोग


राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में योग करते लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सदर विधायक और सिटी मजिस्ट्रेट ने किया शुभारंभ
- जिले भर में 21 जून को मनाया जाएगा योग दिवस

**अमृत विचार :** जनपद में 21 जून को योग दिवस मनाया जाएगा। आयुर्वेद विभाग को योग दिवस का नोडल बनाया गया है। आयुर्वेद विभाग ने रविवार देर शाम पीएम श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में योग सप्ताह शुरू किया। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण पूजन कर योग सप्ताह का शुभारंभ किया।

सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश पाल सिंह ने कहा कि योग से मनुष्य का जीवन निरोग बनता है। लोगों को हर दिन योग करना चाहिए। योग कार्यक्रम के नोडल डा. योगेन्द्र सिंह ने कहा कि योग दिवस पर लाखों लोग पुलिस लाइन मैदान व अन्य जगहों पर योग करेंगे। योग क्रिया शरीर को निरोग बनाने को है। योग शिक्षक गिरधारी सिंह ने योग के बारे में विस्तार से बताया।

### हार्टफुलनेस संस्था आज डाइट में कराएगी योग

**बदायूं, अमृत विचार :** पद्म भूषण डॉ. कमलेश सिंह पटेल दाजी मंगलवार को डायट परिसर में योग साधना कार्यक्रम में शामिल होंगे। हार्टफुलनेस संस्था के सदस्यों ने तैयारी की है। हार्टफुलनेस संस्था के संचालक अनुज सक्सेना ने सोमवार को बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा घोषित राज्य अतिथि डॉ. कमलेश सिंह पटेल मंगलवार को दोपहर कासगंज से बदायूं पहुंचेंगे। वह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। अनुज सक्सेना, संतोष सक्सेना मौजूद रहे।

## 20 माह का नहीं दिया मानदेय, नौकरी से भी निकाला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- स्वास्थ्य विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने सीएमओ कार्यालय में किया हंगामा

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में एक कंपनी के माध्यम से लगे 108 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में से 51 को दो साल बाद निकाल दिया गया। उन्हें एक साल का मानदेय भी नहीं दिया गया। परेशान कर्मचारियों ने सीएमओ कार्यालय पर कई घंटे हंगामा किया।

सोमवार को हंगामा करने वाले युवक व युवतियों ने बताया कि अवनि परिधि कंपनी के माध्यम से वह लोग 2018 में स्वास्थ्य विभाग में चपरासी, चौकीदार, वार्ड ब्यॉय जैसे विभिन्न पदों पर लगे थे। 108 युवकों को कंपनी ने नौकरी दी थी। बताया कि कोरोना काल में उन लोगों ने दिन रात काम किया। कुछ महीने का मानदेय भी दिया। इसके बाद 51 युवकों को 2021 में निकाल दिया गया। उनकी जगह पर स्वास्थ्य विभाग ने दूसरे युवकों को कंपनी के माध्यम से रख लिया। अब निकाले गए युवक युवतियों का एक साल से अधिक समय का मानदेय भी नहीं दिया गया है। उन लोगों ने शासन स्तर तक लिखा पढ़ी की। इसके बाद शासन से सीएमओ कार्यालय को निर्देशित किया गया कि जिन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने कोरोनाकाल में सेवाएं दी हैं उन्हें नियुक्ति पत्र दिए जाएं। उनका पूरा मानदेय दिया जाए, लेकिन यहां पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। नौकरी से निकाले गए युवकों ने जिलाधिकारी को भी पत्र दिया। एसीएमओ डॉ. निरंजन ने युवकों को शांत करते हुए आश्वासन दिया कि उनके बारे में विभाग में बात की जाएगी। हंगामा करने वालों में धर्मवीर, गजराज, सचिन, विकास, सुनीता राठौर, काजल राठौर, प्रवीन, अशोक, जितेंद्र आदि मौजूद रहे।


नौकरी से निकाले गए युवक जानकारी देते हुए। ● अमृत विचार

### साले की पत्नी और बेटों को लेकर युवक हुआ फरार

**उसहैत, अमृत विचार :** उसहैत कस्बा क्षेत्र निवासी एक महिला ने पति पर अपने भाई की पत्नी व उसके दो बेटों को लेकर फरार होने की शिकायत की है। महिला ने बताया कि उसका पति 70 हजार रुपये और सोने-चांदी के आभूषण ले गया है। इसके बाद से महिला के भाई के ससुरालीजन उन्हें धमका रहे हैं। महिला न्याय के लिए अपनी सात साल की बेटी को लेकर भटक रही है। उसने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर पति का मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगाकर उसकी तलाश कराने की मांग की है।

## जिला अस्पताल को नहीं मिला एक भी डॉक्टर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- तबादला नीति के चलते 15 जून तक किए ट्रांसफर
- बाल रोग विशेषज्ञ और सर्जन की कमी से मरीज परेशान

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की तबादला नीति के तहत 15 जून तक अधिकारियों और कर्मचारियों के ट्रांसफर किए गए। जिला अस्पताल को फिर से एक भी डॉक्टर नहीं मिला है, जबकि आयुर्वेद विभाग से छह डॉक्टरों का ट्रांसफर दूसरे जिलों को किया गया है। यूनानी डॉ. मोहम्मद अफजल को अलीगढ़ भेजा गया है।

जिला अस्पताल को उम्मीद थी कि इस बार तबादला नीति के तहत होने वाले ट्रांसफर में जिले को बाल रोग विशेषज्ञ और एक सर्जन अवश्य मिलेगा, लेकिन एक भी डॉक्टर नहीं मिला। आयुर्वेद विभाग के डॉ. अवधेश और उनकी पत्नी पूनम को रामपुर भेजा गया है। कुंवर गांव में तैनात डॉ. अनुपम को जालौन, गंडाह में तैनात डॉ. अरुण कुमार को जालौन, बोंदरी सेंटर पर तैनात डॉ. आशुतोष को फर्रुखाबाद और दलेल नगर पर तैनात डॉ. हरपाल को भी फरूखाबाद भेजा गया है। राजकीय यूनानी विभाग में डॉ. मोहम्मद अफजल को यहां से अलीगढ़ भेजा गया है। लेकिन दूसरे जिले से यहां पर किसी को नहीं भेजा गया है। यूनानी के जिले में छह सेंटर हैं। यहां पर अब एक डॉक्टर की कमी रहेगी। यूनानी चिकित्सक सोनी सलीम ने बताया कि यहां किसी के आने की अभी तक कोई सूचना नहीं है। होम्योपैथी विभाग में किसी का ट्रांसफर नहीं किया गया है। विभागीय सूत्रों की मानें तो यहां की लिस्ट निरस्त कर दी गई।

## आदित्य माहेश्वरी और अनुष्का राज ने पास की नीट

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के बाबा इंटरनेशनल स्कूल के छात्र आदित्य माहेश्वरी और अनुष्का राज ने नीट उत्तीर्ण की है। आदित्य ने 547 अंक प्राप्त किए हैं। उन्हें 13386 रैंक मिली है। अनुष्का राज ने 539 अंक प्राप्त कर 17788 रैंक हासिल की है। उनकी सफलता पर स्कूल प्रबंधन की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया। नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले बच्चों का कहना है कि अनुभवी शिक्षकों द्वारा तैयार पाठ्यक्रम सामग्री, पीरियोडिक टेस्ट और टाइम मैनेजमेंट से उनकी नीट की राह प्रशस्त हुई। विद्यालय डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय ने बच्चों और उनके माता पिता को बधाई दी है। विद्यालय प्रधानाचार्य रूपा माहेश्वरी आदि मौजूद रही।

### आकाशीय बिजली से पेड़ में लगी आग

**बदायूं, अमृत विचार :** बारिश के दौरान दातागंज क्षेत्र में धमाके साथ आकाशीय बिजली गिरने से पेड़ में आग लग गई। जलता हुआ पेड़ सड़क से गुजर रहे लोगों के लिए खतरा बन गया। राहगीरों की सूचना पर अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाया।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैंने अपने पुत्र मो. जुनैद पुत्र मसीत नि. मितीडांडी को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **मसीत पुत्र मजीद नि. ग्राम मितीडांडी तह. बहेड़ी, जिला बरेली**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाणपत्र में मेरे पुत्र का नाम धीर बाथम अंकित है। अब मैंने अपने पुत्र का नाम बदलकर विनायक बाथम कर लिया है। भविष्य में अब मेरे पुत्र को विनायक बाथम के नाम से ही जाना पहचाना जाये। **सुयश बाथम नि. मो. बरखेरवा लखीमपुर-खीरी**

Janta School
Required
Teachers in English Medium for all Subjects.
Interested candidates can apply within 10 Days in School office or send Resume on whatsapp Number
9690690050
Nawada Sheikhan Old City, Bareilly

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### डिवाइडर से टकरा कर पलटी कार, कई घायल

**बदायूं, अमृत विचार :** मुजरिया थाना क्षेत्र में गांव कोल्हाई स्थित धर्मकांटा के पास बरातियों की कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और कई पलटे खाकर खंती में जा गिरी। बारात बिल्सी से दिल्ली जा रही थी। हादसे में कुछ लोग घायल हो गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया है। सभी की हालत सामान्य है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से कार सवार घायल

**म्याऊं, अमृत विचार :** अलापुर थाना क्षेत्र के गांव बिचपुरी से रविवार देर शाम बारात अलापुर जा रही थी। उसी बारात में एक कार किराए पर ली गई थी। कार में शाहजहांपुर के गांव बड़ा बसंतपुर निवासी नौसे पुत्र लल्लू खां बैठे थे। मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर कृष्णा पेट्रोल पंप के सामने ट्रैक्टर-ट्रॉली ने कार को टक्कर मार दी। कार सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। घायल को जिला अस्पताल भेजा गया। हालत नाजुक होने पर बरेली रेफर किया गया है।

### स्कूल में हुआ सत्संग

**उसहैत, अमृत विचार :** क्षेत्र के एवएस स्कूल में संत निरंकारी बाबा के कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें संत निरंकारी बाबा के सेवादल संचालक राजपाल सिंह ने दूरदराज से आई महिला और पुरुष भक्तों को सत्संग के माध्यम से भक्ति का मार्ग दिखाया। सत्संग में भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर सुनील कुमार, रामकिशोर, अतुल कुमार, गुलाब सिंह, शीशपाल, प्रेमपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# किसी और से रंजिश थी तो मेरे बेटे को क्यों मारा

## पवन बैंकट हॉल के पास कर्तव्य पटेल की गोली मारकर हत्या के बाद मां अंजलि पटेल का छलका दर्द

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


युवक की मौत पर गमगीन बैठे भाई हिमांशु पटेल व बहनें।


बेटे कर्तव्य पटेल को याद करतीं मां अंजलि पटेल।

**अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव बदरपुर निवासी कर्तव्य पटेल की रविवार सुबह गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के दूसरे दिन मृतक की मां अंजलि पटेल पूरा दिन फफकती रहीं। वह रोते हुए कह रही थी कि हत्यारोपी की किसी और से रंजिश थी तो उनके बेटे को क्यों मारा। वहीं दूसरी तरफ हत्या के दौरान मृतक के साथ मौजूद तीनों युवकों से पूछताछ चल रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम दबिश दे रही है।

गांव बदरपुर निवासी भूपेंद्र सिंह का शहर के मोहल्ला शिवपुरम में दूसरा मकान है। उनके बेटे हिमांशु पटेल, बेटी प्रगति पटेल और कर्तव्य पटेल रहकर पढ़ाई करते थे। कर्तव्य पटेल कुछ समय पहले बैंक में रिकवरी एजेंट का काम करते थे। वहीं हिमांशु पटेल व प्रगति पटेल की पढ़ाई पूरी होने पर वह गांव जाकर रहने लगे थे, लेकिन कर्तव्य पटेल एमकॉम कर रहे थे। इससे वह अक्सर शहर के मकान पर आते रहते थे। उन्होंने 16 जून को देवी माता के दर्शन के लिए जाना था। 14 जून की दोपहर लगभग 4 बजे गांव से शहर आए थे। मां से कहा था कि दोस्त की जन्मदिन की पार्टी में जाना है। वह अपनी बाइक से शहर आए थे। मझिया स्थित रेस्टोरेंट पर पार्टी हुई थी। देर रात तक घर पर वापस न आने पर परिजनों ने 14 जून की रात लगभग


मृतक कर्तव्य पटेल।

- पुलिस हिरासत में तीन हत्या आरोपियों से चल रही पूछताछ

आरोपी की तलाश के लिए टीमों का गठन किया गया है। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की गई है। मृतक के साथ मौजूद रहे युवकों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।
– डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसएसपी

11 बजे कर्तव्य को फोन किया था। उन्होंने कहा था कि वह घर सुबह पहुंचेंगे। लेकिन अगले दिन सुबह शौर्य ठाकुर ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। परिजनों ने बताया कि हत्या के दौरान मौजूद कर्तव्य पटेल के साथ मौजूद उत्कर्ष मिश्रा ने उन्हें बताया था कि शौर्य ठाकुर से उसकी दुश्मनी थी। कर्तव्य पटेल से उसका कोई मतलब नहीं था। परिजनों को इस बात का अफसोस है कि बिना किसी दुश्मनी के कर्तव्य की हत्या क्यों की गई।

**संदेह के घेरे में कर्तव्य के साथियों की भूमिका :** हत्याकांड के दौरान कर्तव्य के साथ मौजूद तीनों युवकों की भूमिका संदेह के घेरे में है। सवाल है कि वह लोग सुबह साढ़े चार बजे शौर्य ठाकुर के घर पर क्यों गए। अगर उत्कर्ष मिश्रा का शौर्य से रुपयों का या कोई और विवाद था तो वह कर्तव्य को अपने साथ में इतनी सुबह क्यों ले गया था। अगर ले भी गया तो शौर्य ने उत्कर्ष की बजाय कर्तव्य को ही गोली क्यों मारी। हत्याकांड के बाद रविवार शाम पुलिस ने मृतक के भाई हिमांशु को घटनास्थल पर ले जाकर मुआयना किया। घटनास्थल के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की गई है। बताया जा रहा है कि युवक बाइक से सुहरा आते-जाते नजर आए हैं। अब देखना है कि घटना के बाद बाइक से ले जाने के दौरान कर्तव्य को उनके साथियों ने कैसे बैठाया था।

### अस्पताल में नहीं मिला इलाज साथियों ने बरती लापरवाही

घटना के दौरान कर्तव्य के साथ उत्कर्ष मिश्रा, काका यादव और अजय पटेल उर्फ बाबा भी थे। घटना के बाद उन्होंने कर्तव्य के परिजनों को फोन करके सूचना देने की बजाय गांव बदरपुर निवासी गौरव को फोन करके बताया था कि कर्तव्य के परिजनों को सूचना दें। परिजनों के अनुसार उनमें से एक व्यक्ति उनके गांव भी आ सकता था। गांव ज्यादा दूर नहीं है। वहीं कर्तव्य को जिला अस्पताल में भी इलाज नहीं मिल सका। उन्हें एंबुलेंस में ऑक्सीजन दी जा रही थी और बोतल चढ़ाई जा रही थी। परिजन कर्तव्य को बरेली के दो अस्पताल ले गए थे। जहां चिकित्सक ने कहा कि अगर आधा-पौन घंटा पहले लाते तो जान बच सकती थी।

### मृतक की मां बोलीं उत्कर्ष ने बताया कि कर्तव्य को लगे छर्रे, हो जाएगा ठीक

परिजनों ने बताया कि कर्तव्य को गोली लगने की सूचना पर वह जिला अस्पताल पहुंचे थे। यहां कर्तव्य बेसुध पड़े थे। उनकी पीठ में गोली लगी थी। परिजन चीत्कार कर रहे थे इसी दौरान उत्कर्ष मिश्रा ने कर्तव्य की मां से कहा था कि चिंता की जरूरत नहीं है। कर्तव्य को छर्रे लगे हैं। वह ठीक हो जाएगा। कर्तव्य पटेल हमेशा अपनी बाइक से ही आते-जाते थे। वह किसी को भी अपनी बाइक नहीं देते थे। घटना के दौरान भी कर्तव्य की ही बाइक थी। उनकी पीठ पर गोली लगने से अगर मान लिया जाए कि वह लोग भाग रहे होंगे तो ऐसे में सवाल है कि कर्तव्य पटेल अपनी बाइक चलाने की बजाय पीछे क्यों बैठे थे। परिजनों ने हत्याकांड को साजिश बताया है।

# हादसे में महिला की मौत, रात भर वाहनों से कुचलता रहा शव

संवाददाता, विजय नगला/बिनावर

- बरेली-मथुरा राजमार्ग पर थाना बिनावर क्षेत्र में हुआ हादसा

**अमृत विचार :** बरेली-मथुरा राजमार्ग पर थाना बिनावर क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने महिला को टक्कर मार दी। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। राजमार्ग पर वाहन रात भर शव को कुचलकर गुजरते रहे। सोमवार सुबह राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। महिला की पहचान नहीं हो सकी है। वह मानसिक मंदित बताई जा रही है।

हादसा रविवार रात राजमार्ग के बिनावर क्षेत्र स्थित गांव ढकिया के मंदिर के पास हुआ। अज्ञात वाहन ने महिला को टक्कर मारी और भाग गया। किसी ने भी हादसा नहीं देखा। इसके चलते महिला का शव रात भर राजमार्ग पर ही पड़ा रहा। रात भर वाहन राजमार्ग से गुजरते रहे। इसके चलते शव के चीथड़े हो गए थे। सोमवार सुबह लोग राजमार्ग से गुजरे तो महिला का शव पूरी तरह से कुचला और कपड़े देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस और आसपास के गांवों के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। महिला के शव के चीथड़े बटोरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। ग्रामीणों ने कपड़े देखकर पुलिस को बताया कि महिला मानसिक मंदित थी। वह अक्सर ही राजमार्ग पर देखी जाती थी। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार कंबोज ने बताया कि हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे थे। शव बुरी तरह से कुचल गया था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ग्रामीणों के अनुसार महिला मानसिक मंदित थी।

### मोर्चरी में सड़ता रहा बुजुर्ग का शव, पड़ गए थे कीड़े

**बदायूं, अमृत विचार :** इलाज के दौरान एक बुजुर्ग की जिला अस्पताल में 11 जून को मौत हो गई थी। उसका शव सोमवार तक मोर्चरी में रखा रहा। सदर कोतवाली पुलिस ने जिला अस्पताल से मेमो तो रिसीव किया, लेकिन परिजनों को सूचना नहीं दी और न ही पोस्टमार्टम कराया। अस्पताल प्रशासन के दूसरे मेमो के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एक बीमार बुजुर्ग को नौ मई को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया था। बुजुर्ग ने अपना नाम शहर के मीरा सराय निवासी हनीफ बताया था। अस्पताल प्रशासन ने रजिस्टर में उसके नाम की एंट्री की थी। इलाज के दौरान बुजुर्ग ने 11 जून को दम तोड़ दिया था। अस्पताल प्रशासन ने सदर कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मेमो भेजने के साथ शव को मोर्चरी में रखवाया। जिसके बाद सदर कोतवाली पुलिस पोस्टमार्टम कराना या मृतक के परिजनों को सूचना देना भूल गई। इसके चलते शव मोर्चरी के बॉक्स में सड़ता रहा। शव में कीड़े पड़ गए थे और दुर्गंध आने लगी थी। अस्पताल की ओर से दूसरा मेमो भेजा गया तो पुलिस ने परिजनों को बुलाया।

# फसल देखने गए किसान की ट्यूबवेल में आए करंट से मौत

संवाददता, बदायूं

- उसहैत क्षेत्र के गांव बिरियाडांडा गांव का मामला
- मूंगफली की फसल देखने के लिए खेत पर गए थे नेमचंद

**अमृत विचार :** थाना उहसैत क्षेत्र के एक गांव में करंट लगने से किसान की मौत हो गई। किसान खेल पर मूंगफली की फसल देखने गया था। यहां ट्यूबवेल में आ रहे करंट की चपेट में आ गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। हादसे के बाद से परिजनों में कोहराम मच गया है।

उसहैत क्षेत्र के गांव बिरियाडांडा निवासी नेमचंद (30) पुत्र दोदराम सोमवार सुबह अपनी मूंगफली की फसल देखने के लिए खेत पर गए थे। यहां वह खेत के पास एक ट्यूबवेल के पास गए। वह ट्यूबवेल के चैंबर के सहारे टिके कि अचानक उसमें करंट आ गया और नेमचंद करंट की चपेट में आ गए। वह बेसुध होकर जमीन पर गिर गए। आसपास खेतों पर मौजूद ग्रामीणों की सूचना पर परिजन पहुंचे। नेमचंद को जिला अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह देखकर परिजनों में चीखपुकार मच गई। अस्पताल स्टाफ की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा।

# पुलिस से शिकायत करने पर की फायरिंग, दी तहरीर

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव कुतुबपुर थरा निवासी मुर्शीद पुत्र इकारुद्दीन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार को उन्होंने गांव निवासी छह लोगों के खिलाफ लड़ाई करने की तहरीर दी थी।

इस वजह से वह लोग रंजिश मानने लगे हैं। रविवार रात लगभग साढ़े 10 बजे वह लोग उनके घर के दरवाजे पर आए और गाली-गलौज करने लगे। ललकारते हुए घर से बाहर बुलाने लगे। कहा कि तुझे देख लूंगा और तमंचे से फायर कर दिया। पीड़ित ने डायल 112 को सूचना दी। पुलिस को गांव में आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

# काश ऐसा नसीब हो जाए वो हमारे करीब हो जाए

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


शायर अहमद अमजदी को सम्मानित करते आयोजक।

- समाजसेवी दिनेश चंद्र शर्मा की द्वितीय पुण्यतिथि पर काव्य संध्या का किया आयोजन
- शायर अहमद अमजदी को दिनेश चंद्र शर्मा स्मृति सम्मान से किया गया सम्मानित

**अमृत विचार :** बदायूं गौरव क्लब एवं बदायूं गौरव महोत्सव समिति के द्वारा समाजसेवी दिनेश चंद्र शर्मा की द्वितीय पुण्यतिथि पर काव्य संध्या एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया। शुभारंभ मुख्य अथिति समाजसेवी गीता शर्मा और कार्यक्रम के अध्यक्ष शायर अहमद अमजदी बदायूंनी ने किया। शायर अहमद अमजदी को सम्मानित किया गया।

बदायूं गौरव क्लब के मुख्य सचिव अमन मयंक शर्मा, कवियों, शायरों एवं समाजसेवियों ने दिनेश चंद्र शर्मा को नमन किया। सरस्वती वंदना का पाठ कवि राजवीर तरंग ने किया। शायर अहमद अमजदी बदायूंनी ने पढ़ा, काश ऐसा नसीब हो जाए वो हमारे करीब हो जाए, प्यार उसका हमें मयस्सर हो, वो अगर कुछ गरीब हो जाए। अमन मयंक शर्मा ने पढ़ा, चटक धूप सी जिंदगी, नहीं दूर तक छांव, बिना पिता जी आपके, जलते मेरे पांव। सुनील शर्मा समर्थ ने पढ़ा कि कर्म के आधार पर अधिकार होना चाहिए। खोखली बातें हों तो प्रतिकार होना चाहिए। राजवीर तरंग ने पढ़ा कि वीरान लग रहा है चमन आपके बिना,

गुलशन में कोई आप से बेहतर नहीं रहा। कवि अचिन मासूम ने पढ़ा कि मेरा बीता हुआ कल है सुनहरा आज है पापा, मेरी हर एक कहानी का सुखद आगाज है पापा। इसके अलावा कवि शैलेन्द्र मिश्रा देव, सादिक अलापुरी, शम्स मुजाहिद बदायूनी, शायर अच्छन मियां, कवि मुकेश तोमर ने भी काव्य पाठ किया। भाजपा नेता अमन मयंक शर्मा ने अहमद अमजदी बदायूंनी व तरुण शर्मा को शाल उड़ाकर फूलमाला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर प्रदान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की संरक्षक गीता शर्मा, सहसचिव गौरव पाठक, अंजलि मिश्रा, चर्चा पाठक, प्रज्ञा अमन मयंक पाठक, वैदिक पाठक, नियति मिश्रा, काव्या पाठक, कवि सुनील शर्मा समर्थ आदि मौजूद रहे।

# उधार दिए रुपये मांगने पर ग्रामीण के साथ मारपीट

**बीसलपुर, अमृत विचार:** कोतवाली में दी गई तहरीर में ग्राम नगीपुर अखौला निवासी अजीत कुमार ने बताया कि उसने गांव के ही रचित पुत्र अरविंद उर्फ गट्टू को अप्रैल में आपसी संबंधों के चलते जरुरत पड़ने पर 10 हजार रुपये उधार दिए थे।

कई बार रुपये वापस मांगने पर भी नहीं लौटाए। 11 जून की शाम चार बजे वह रुपये मांगने आरोपी के पास गए। इस पर रचित, अंकित, संदीप और मोहित ने गाली गलौज की। विरोध करने पर हमला कर पिटाई कर दी। धारदार असलहों से वार करके घायल कर दिया। किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। आरोपियों ने दोबारा तकादा करने पर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

# वरुण अर्जुन विवि में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह भव्यता के साथ किया शुरू

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, स्टाफ और विभागों के प्रतिनिधियों ने लिया भाग

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय शाहजहांपुर में एक धरती, एक स्वास्थ्य विषय पर आधारित 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह का शुभारंभ रविवार को हुआ। उद्घाटन अवसर पर आयोजित सामूहिक योग अभ्यास सत्र में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, स्टाफ एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत के साथ ही पूरे सप्ताह चलने वाले विभिन्न योग एवं जन जागरूकता गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई, जिसका उद्देश्य योग को जन-जन तक पहुंचाना और जीवनशैली में योग के महत्व को रेखांकित करना है।

17 जून को तीसरे दिन विश्वविद्यालय परिसर में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें "एक धरती, एक स्वास्थ्य" थीम पर आधारित रचनात्मक और संदेशपूर्ण पोस्टरों के माध्यम से छात्रों ने अपने विचार प्रस्तुत करेंगें। यह प्रतियोगिता न केवल विद्यार्थियों की सृजनात्मक क्षमता को बढ़ावा देने वाली होगी, बल्कि समाज में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम भी बनेंगी। 18 और 19 जून को क्रमशः योग जागरूकता रैली एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिनमें विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेंगें। रैली लोगों का ध्यान योग और उसके महत्व की ओर आकर्षित करेंगी, वहीं निबंध प्रतियोगिता ने युवाओं को योग के वैज्ञानिक, शारीरिक और मानसिक लाभों पर विचार मंथन का अवसर मिलेगा। 20 जून को आयोजित नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम में छात्रों ने "एक धरती, एक स्वास्थ्य" थीम पर आधारित संदेशप्रद प्रस्तुतियां देंगें। यह सप्ताह 21 जून 2025 को "योग संगम" के आयोजन के साथ संपन्न होगा, जिसमें विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्ष, प्राचार्य, डीन, फैकल्टी, गैर-शिक्षण कर्मचारी एवं छात्र एक साथ सामूहिक योगाभ्यास करेंगे। कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रो-चांसलर डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, कुलपति डॉ. किरन अग्रवाल व डीन डॉ. (कर्नल) आरएन शुक्ला ने सराहना की।

# सामुदायिक चिकित्सा विभाग में योग पर हुई संगोष्ठी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के सामुदायिक चिकित्सा विभाग में अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के अंतर्गत "योग और स्वास्थ्य" विषय पर एक ज्ञानवर्धक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मेन्द्र गुप्ता ने की, जिन्होंने योग को आधुनिक जीवन की प्रमुख आवश्यकता बताया।डॉ. अनम (पीजी-2) की ओर से एक पावरपॉइंट प्रस्तुति दी गई, जिसमें योग के ऐतिहासिक, वैज्ञानिक और चिकित्सकीय पहलुओं को दर्शाया। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि कैसे योग मानसिक तनाव, अनिद्रा, मोटापा और उच्च रक्तचाप जैसी समस्याओं में राहत देता है। कार्यक्रम में प्रो. डॉ. विवेक अधीश, डॉ. चरनदीप सिंह दूआ, डॉ. हितिका चड्ढा, डॉ. इंतिखाब आलम, डॉ. अपराजित और डॉ. दानिश यूसुफ खान (जेआर-1) ने भी विचार व्यक्त किए और छात्रों को योग को अपने दिनचर्या का अंग बनाने की सलाह दी। संगोष्ठी में एमबीबीएस छात्रों, नर्सिंग स्टाफ एवं फैकल्टी सदस्यों की बड़ी भागीदारी रही। कार्यक्रम की सराहना विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, कुलपति डॉ. किरन अग्रवाल व मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. (कर्नल) आरएन शुक्ला ने की। उन्होंने विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मेन्द्र गुप्ता व सभी फैकल्टी को इस स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के लिए बधाई दी और भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक हितैषी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रोत्साहित किया।

# मैथिल समाज से शिक्षित व संगठित होने का आह्वान

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला स्काउट-गाइड भवन में मैथिल समाज का कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि बरेली के मैथिल परिवार के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा का स्वागत और सम्मान किया गया। वह जिलाध्यक्ष बनने के बाद वह पहली बार बदायूं आए।

अतिथि ने मैथिल समाज को राजनैतिक रूप से आगे बढ़ने, सुदृढ़ व शिक्षित होने व संगठित बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता जयंती प्रसाद शर्मा और संचालन अचल मैथिल व भुवनेश शर्मा ने किया। नरेंद्र मैथिल, अचल मैथिल, अनूप मैथिल, सुधांशु मैथिल, पुष्पेंद्र शर्मा, सुबोध, गुलाबराय, राजेश शर्मा, हरिओम शर्मा, हरीश मैथिल, सुमित मैथिल, मदनलाल शर्मा, कृष्णपाल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# सचिव ने जिंदा महिला को दिखा दिया मृत, रोकी पेंशन

संवाददाता कुंवरगांव

- शिकायत पर बीडीओ ने सचिव को जारी किया नोटिस

**अमृत विचार :** सालारपुर ब्लॉक क्षेत्र के एक गांव की महिला को सचिव ने मृत दर्शाते हुए रिपोर्ट लगा दी। इससे महिला को मिल रही पेंशन बंद हो गई। जानकारी होने पर बीडीओ ने सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इसके बाद कार्रवाई आगे नहीं बढ़ सकी। अब पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन का सहारा व अधिकारियों से शिकायत कर रही है।

गांव बनगढ़ निवासी विधवा मुन्नी देवी पत्नी रघुराज पैरालाइसिस से पीड़ित है। मुन्नी देवी का कहना है कि वह वर्ष 2013 से विधवा पेंशन ले रही है, लेकिन 2023 से उसको पेंशन नहीं मिली तो वह गांव में पंचायत घर पर पंचायत सहायक से जानकारी लेने गई। पता चला कि सचिव के पास आई पेंशन सत्यापन लिस्ट में उसको मृतक घोषित कर दिया गया। इस वजह से पेंशन नहीं मिल रही है। महिला के जीवित होने की जानकारी पर ब्लॉक के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। साथ ही बीडीओ ने पंचायत सहायक व सचिव का स्पष्टीकरण मांगा गया। इसके बाद कार्रवाई आगे नहीं बढ़ सकी और न ही महिला की पेंशन शुरू हो सकी है। पीड़ित महिला ने एसडीएम सदर व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई है। पंचायत सहायक मोहनी सिंह ने बताया मामला सचिव आदिल रशीद के समय का है। सत्यापन के लिए लिस्ट आई थी। मैंने सचिव को सत्यापन करके दिया था गलती से महिला मृतक लिख गई थी।

# ट्रेन के शौचालय में मिला युवक का शव

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** चंडीगढ़-लखनऊ एक्सप्रेस शनिवार की दोपहर बाद जा रही थी। इस ट्रेन का शाहजहांपुर में स्टॉपेज नहीं है। बरेली और शाहजहांपुर के बीच एस-3 कोच के यात्री शौचालय में गए। यात्रियों ने शौचालय का दरवाजा खोला और एक युवक बेहोशी की हालत में पड़ा था। यात्रियों ने शोर मचाया कि शौचालय में एक युवक का शव पड़ा है। कोच के अंदर अफरा-तफरी मच गयी। यात्रियों ने रेलवे कंट्रोल को सूचना दी कि ट्रेन के शौचालय में एक युवक का शव पड़ा है। रेलवे के डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# गोद लिए गांव कापसेंडा में लगाया योग प्रशिक्षण शिविर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


अकर्रा रसूलपुर में योग करते लोग।
● अमृत विचार

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय के सामुदायिक चिकित्सा विभाग की ओर से गोद लिए गए ग्राम कापसेंडा में अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के तहत एक विशेष योग जागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को योग के महत्व से परिचित कराना और उन्हें स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करना था। कार्यक्रम का नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मेन्द्र गुप्ता ने किया। शिविर में प्रो. डॉ. विवेक अधीश, डॉ. चरनदीप सिंह दूआ, डॉ. हितिका चड्ढा, डॉ. इंतिखाब आलम, डॉ. अपराजित, एवं डॉ. दानिश यूसुफ खान ने मिलकर विभिन्न योग आसनों का प्रदर्शन किया और ग्रामीणों को उनकी विधि एवं लाभों के बारे में समझाया। कार्यक्रम के दौरान योग पर आधारित प्रश्नोत्तर सत्र ने ग्रामीणों की जिज्ञासाओं को शांत किया।

**शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र अकर्रा रसूलपुर में योग अभ्यास :शाहजहांपुर,अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के उपलक्ष्य में वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय के सामुदायिक चिकित्सा विभाग की ओर से शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र अकर्रा रसूलपुर में योग जागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मेन्द्र गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया, जिनका उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना था।

शिविर में प्रो. डॉ. विवेक अधीश, डॉ. चरनदीप सिंह दूआ, डॉ. हितिका चड्ढा, डॉ. इंतिखाब आलम, डॉ. अपराजित और डॉ. दानिश यूसुफ खान (जेआर-1) ने शिरकत की। इन सभी ने मिलकर प्रतिभागियों को दैनिक योगाभ्यास की महत्ता, उसकी विधियां एवं उससे होने वाले मानसिक और शारीरिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### फीलनगर में लगा योग जागरुकता शिविर



**शाहजहांपुर,अमृत विचार :** वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय के सामुदायिक चिकित्सा विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग सप्ताह के अंतर्गत "एक धरती, एक स्वास्थ्य" विषय पर ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र (आरएचटीसी) फीलनगर कटरा में एक दिवसीय योग जागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मेन्द्र गुप्ता ने किया, जिन्होंने ग्रामीण समुदाय को योग के महत्व पर जागरूक करने के लिए यह आयोजन सुनिश्चित किया। शिविर में वरिष्ठ फैकल्टी सदस्य प्राध्यापक डॉ. विवेक अधीश, प्राध्यापक डॉ इंतेखाब आलम, सह प्राध्यापक डॉ. अभिनव अग्रवाल, सहायक प्राध्यापक डॉ. अपराजिता मिश्रा, सहायक प्राध्यापक डॉ. आदित्य प्रकाश, डॉ. अनम खान (पीजी–जूनियर रेजिडेंट 2), डॉ. अरसलान खान (पीजी–जूनियर रेजिडेंट 2), डॉ. चरणदीप सिंह दुआ (पीजी–जूनियर रेजिडेंट 1) व डॉ. दानिश यूसुफ खान (पीजी–जूनियर रेजिडेंट 1) की उपस्थिति रही। इन सभी ने सामूहिक योगाभ्यास का संचालन करते हुए प्रतिभागियों को प्राणायाम, ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, और शवासन जैसी क्रियाएं सिखाईं।

